



दैनिक
# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 273/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 22 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


## पीएम मोदी को फिजी-पापुआ न्यू गिनी का सर्वोच्च सम्मान, वैश्विक नेतृत्व के लिए हुए सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान में जी-7 और क्वाड बैठकों में शामिल होने के बाद रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे। यहां उन्होंने फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। बैठक के बाद पीएम मोदी ने प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के नेताओं से मुलाकात कर दोस्ती की ओर एक और कदम बढ़ाया है। एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता के तौर पर भारत के इन्हीं कदमों के लिए पपुआ न्यू गिनी और फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान-



कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी प्रदान किया। दुनिया में अब तक सिर्फ कुछ ही गैर-फिजीवासियों को यह सम्मान दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान में जी-7 और क्वाड बैठकों में शामिल होने के बाद रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे। यहां उन्होंने फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। बैठक के बाद पीएम मोदी ने प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के नेताओं से मुलाकात कर दोस्ती की ओर एक और कदम बढ़ाया है। एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता के तौर पर भारत के इन्हीं कदमों के लिए पपुआ न्यू गिनी और फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान- %कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी प्रदान किया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल की मनुआभान टेकरी पर महारानी पद्मावती की प्रतिमा का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और महाराणा प्रताप के वंशज महाराज कुमार डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बलिया में गंगा नदी में नाव पलटी, 4 की मौत, 20 लापता



**बलिया।** बलिया में सोमवार सुबह गंगा नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। 20 से 25 लोगों के लापता होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि नाव पर 35 से ज्यादा लोग सवार थे। सभी मुंडन संस्कार के बाद गंगा पार पूजा करने जा रहे थे। घाट पर मौजूद नाविकों ने 6 लोगों को नदी से बाहर निकाला है। सभी को अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन के साथ स्थानीय लोग बचाव में जुटे हुए हैं। हादसा फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर घाट पर हुआ है। बताया जा रहा है कि ओहार परंपरा के तहत ये लोग नाव से गंगा पार जा रहे थे, जबकि वहां पीपा पुल भी बना था।

# मैं हल्दी घाटी की माटी का सम्मान नहीं जाने दूंगाः चौहान

- लाल परेड मैदान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन






**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे देश का इतिहास देश वीरों की गौरव गाथाओं से भरा पड़ा है। मेवाड़ ने तो ऐसे-ऐसे वीर दिए हैं, जिन्होंने इतिहास बनाया है और इतिहास बदला है। आज सौभाग्य से हमारे बीच महाराणा प्रताप के वंशज डा. लक्षराज सिंह मेवाड़ उपस्थिति हैं, जिनके चेहरे का तेज उस गौरव को प्रकट करता है। महाराणा प्रताप की पच्चीसवीं पीढ़ी से वो आते हैं। मेरा रोम-रोम पुलकित है, आज मेरी जीवन की अमूल्य निधि महाराजकुमार लक्षराज सिंह ने मुझे भेंट की है हल्दी घाटी की पावन माटी, मैं इसे मस्तक से लगाता हूं। हल्दी घाटी की यह माटी भारत की शौर्य घाटी का प्रतीक है, मैं इसकी माटी की शान, सम्मान कभी नहीं जाने दूंगा, भले ही जान चली जाए। मैं इसे मंदिर में रखूंगा, इसकी पूजा किया करूंगा। कहते हैं- ये माटी है बलिदान की।

लाल परेड ग्राउंड के पास मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल जयंती समारोह में प्रदेशभर से समाज के लोग जुटे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश के मंत्री अरविंद भदौरिया, संस्कृति मंत्री उषा सिंह, विश्वास सारंग, कमल पटेल, सांसद प्रज्ञा सिंह समेत कई अतिथि भी शामिल हुए हैं। अध्यक्षता महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्षराज सिंह मेवाड़ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्री मेवाड़ को स्वर्ण जड़ित तलवार भेंट की जबकि लक्षराज सिंह मेवाड़ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हल्दीघाटी की मिट्टी भेंट की।


### शिवराज घोषणाएं पूरी करते हैंः तोमर

केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने समारोह में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में दो ऐतिहासिक कार्य हो रहे है। महारानी पद्मावती की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है और महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर भोपाल में महाराणा प्रताप लोक का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज पर आरोप है कि वे केवल घोषणाएं करते हैं, मैं कहता हूं कि वे घोषणाएं पूरी भी करते हैं।

### क्रेन नहीं आई तो चौराहा जाम

महाराणा प्रताप चौराहे को राजपूत समाज के लोगों ने एक घंटे तक जाम रखा। दरअसल, यहां लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना था। क्रेन नहीं आने पर समाज ने नगर निगम का विरोध जताया। एक घंटे बाद क्रेन आने पर दोपहर 12 बजे माल्यार्पण हो सका।

## प्रेमिका और उसके पिता को गोली मारी, फिर फेसबुक पर लिखा- प्यार में धोखा इसलिए ठोका



**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के बेरछा में एक पुलिसकर्मी ने अपने प्रेमिका के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा- प्यार में धोखा इसलिए ठोका, वह भी उसको नहीं, उसको तो ऐसा दर्द दिया है जो वह कभी भूल नहीं पाएगी। प्रेमी द्वारा की गई फायरिंग में युवती भी घायल हो गई। थाना बेरछा के ग्राम मालीखेड़ी में हुई घटना का आरोपित आरक्षक सुभाष मायाराम खराड़ी देवास हेडक्वार्टर डीएसपी का ड्राइवर बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी कर ली, सोमवार सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला।

आरोपित सुभाष खराड़ी देर रात सीढ़ी के जरिए युवती शिवानी खान के घर में घुसा इसके बाद ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दी। जिसमें युवती के पिता जाकिर खान की मौत हो गई और शिवानी और उसका भाई राज घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद सुभाष वहां से भाग निकला और फिर कुछ देर बाद इंटरनेट मीडिया पर युवती के साथ अपने फोटो डालकर लिखा- प्यार में धोखा, इसलिए ठोका।

## भाजपा शासनकाल में बने आयोग ने ही मुझे बेकसूर साबित कियाः कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि 1984 के सिख दंगों में मेरे खिलाफ कोई भी एफआईआर फाइल नहीं हुइ। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में ही आयोग बनाया गया था और उसी आयोग ने कहा कि मैं बेकसूर हूं। मेरे 45 साल के राजनीतिक जीवन में आज तक किसी ने मेरे ऊपर उंगली नहीं उठाई परंतु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा अपने दो नंबर के काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए अनर्गल बातें कर रहे हैं।

पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने अनूपपुर में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि हमारी सरकार वोटों से बनी हुई सरकार थी और नोटों के बलबूते पर हमारी सरकार को



गिराया गया मैं मुख्यमंत्री था मुझे भी बहुत सी जानकारियां थी परंतु मैंने स्पष्ट रूप से कहा था आज भी कहता हूं कि मैं सौदे की राजनीति नहीं करूंगा।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश सहित अनूपपुर में मां नर्मदा का दोहन हो रहा है, शासन के संरक्षण में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। वृक्षों की अंधाधुंध अवैध कटाई हो रही है। मां नर्मदा के नाम पर 40 करोड़ रुपए के घोटाले को अंजाम दिया गया। अनूपपुर एक संपन्न एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण एक धनी जिला है परंतु अनूपपुर के धन का इस्तेमाल अनूपपुर जिले के विकास के लिए नहीं हो रहा है। बड़े स्तर पर विकास कार्यों से अनूपपुर वंचित रह गया है। सीएम शिवराज जी घोषणाओं की मशीन, योजनाओं की मशीन झूठ बोलने की मशीन और शिलान्यास की मशीन बने हुए हैं, यह आजकल उनका डेली रूटीन बना हुआ है, उन्हें लगता है कि इस प्रकार के इवेंट करने से जनता गुमराह हो जाएगी।

मेरी दृष्टि में धर्म आस्था का विषय है धर्म विचार का विषय है परंतु भारतीय जनता पार्टी ने धर्म को प्रचार का विषय बना कर रख दिया है, पूरा प्रदेश पहले से जानता है कि भगवान बजरंगबली में मेरी आस्था है, मुझे इस बात को प्रचारित करने की आवश्यकता नहीं।

## बोर्ड की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के परिणाम एक-दो दिन में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम एक-दो दिन में घोषित कर दिए




जाएंगे। इस संबंध में आज कार्यपालिका समिति की बैठक हो रही है, जिसमें परिणाम जारी किए जाने की तारीख तय की जाएगी। मध्य प्रदेश बोर्ड ने रिजल्ट को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## देवरिया में बड़ा हादसा, एक ही परिवार की चार महिला समेत पांच की मौत, तीन घायल

**देवरिया।** जनपद के भाटपाररानी थाना क्षेत्र के फुलवरिया चौराहे पर सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में एक ही परिवार की चार महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोग जुट गए और ट्रक चालक को पकड़ लिया। मरने वाले रुद्रपुर और देवरिया सदर के निवासी हैं। वह पूजा-अर्चन के लिए बिहार के मैरवा जा रहे थे। मरने वालों में भाई-बहन भी शामिल हैं।

रुद्रपुर भर टोली निवासी अधिवक्ता आनंद प्रकाश मिश्र, उनके भाई चंद्र प्रकाश मिश्र के परिवार के साथ सोमवार को करीब सात बजे घर से मैरवा बिहार के लिए निकले थे। सभी को रिश्तेदार के एक लड़के के उपनयन संस्कार में शामिल होने के लिए बाबा हरेराम ब्रह्म स्थान पर जाना था।

कार सवार भाटपाररानी के फुलवरिया चौराहे के पास पहुंचे थे कि कार का अगला पहिया फट हो गया, इससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रक से भिड़ गई। कार में सवार विमला देवी (50) पत्नी श्रीप्रकाश, त्रिशूला (40) पत्नी आनंद प्रकाश, गीता (45) पत्नी चंद्र प्रकाश, सिद्धी ढाई साल पुत्री कृष्ण कुमार,




रिपुदमन (3) पुत्र कृष्ण कुमार की मौत हो गई। जबकि देवेश (30) पुत्र चंद्रप्रकाश, अंजना (30) पत्नी कृष्ण कुमार तिवारी निवासी परसिया अहीर घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए पीएचसी पहुंचाया गया। सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## तिहाड़ में बंद सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ी, सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के केस में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को सोमवार को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया है। आप के सूत्रों ने बताया कि सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ गई है।



सत्येंद्र जैन 31 मई 2022 से हिरासत में हैं। 6 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। वकील अभिषेक एम सिंघवी ने सत्येंद्र जैन की गिरती सेहत का हवाला दिया था। सिंघवी ने कहा था कि वो आदमी कंकाल हो गया है, जेल में 35 किलो वजन घट गया है। सेहत लगातार बिगड़ रही है और उनका केस वेटिंग लिस्ट में 416 नंबर पर है। सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। जैन के वकील ने कहा था कि उन्हें वेकेशन बेंच में सुनवाई की छूट दी जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें वेकेशन बेंच में जाने की परमिशन दी थी। जस्टिस एएस बोपन्ना और हिमा कोहली की बेंच ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## आरबीआई गवर्नर बोले- नोट बदलने के लिए भीड़ न लगाएं

### लोगों के पास 4 महीने का समय, इसके बाद भी 2000 के नोट लीगल रहेंगे

**नई दिल्ली।** 2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया मंगलवार से देश के सभी बैंकों में शुरू हो जाएगी। ऐलान के तीन दिन बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लोग नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ ना लगाएं। हमने 4 महीने का समय दिया है। आप आराम से नोट बदलिए, लेकिन समय सीमा को गंभीरता से लीजिए।

गवर्नर ने कहा, 30 सिंतबर की डेडलाइन के बाद भी 2000 के नोट लीगल टेंडर रहेंगे यानी वैध रहेंगे। आरबीआई ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। आरबीआई ने 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है।

**जो भी परेशानी आएगी, उसे दूर करेंगे-** आरबीआई ने सोमवार को एक ओर गाइडलाइन जारी की। इसमें बैंकों से कहा गया है कि गर्मी को देखते हुए वो लोगों के लिए छायादार जगहों और पानी का इंतजाम करें। कितने नोट बदले गए और कितने जमा किए गए इसका रोजाना



हिसाब रखें। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, जो भी परेशानी आएगी, उसे हम दूर करेंगे। हम भी बैंकों के जरिए इस प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। चिंता वाली कोई बात नहीं है। करेंसी मैनेजमेंट ऑपरेशन के तहत ही हमने 2000 के नोट सर्कुलेशन हटाने का काम शुरू किया है। पहले भी दुकान में लोग 2000 के नोट नहीं लेते थे। हमारे ऐलान के बाद यह शायद और बढ़ गया है। हमने कहा था कि ये लीगल टेंडर बना रहेगा। आप 2000 के नोटों से खरीदारी कर सकते हैं। 30 सितंबर तक ज्यादातर नोट हमारे पास आ जाएंगे और फिर हम फैसला करेंगे।

**नोट बदलने के लिए आईडी की जरूरत नहीं-** स्टेट बैंक ने रविवार को 2000 का नोट बदलने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। भारत के सबसे बड़े बैंक ने कहा था कि नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए निकाली साइकिल रैली

## संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सप्ताह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सातवां संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सप्ताह विश्व भर में 15-21 मई 2023 को मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (ह्ष्ट।।स्श्व), स्वेच्छिक संगठन कंज्यूमर वॉयस नई दिल्ली, हेल्प बाक्स फाउन्डेशन और भोपाल बाइसिकल राईडर्स ग्रुप द्वारा संयुक्त रुप से एक साईकिल रैली (साइक्लोथान) का आयोजन दिनांक 20 मई 2023 को प्रात: 7.00 बजे किया। जिसका उद्देश्य सतत परिवहन विशेष रुप से पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की आवश्यकता और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाना है।





रैली के आरंभ में भोपाल ट्रेफिक पुलिस के ए.सी.पी. श्री सुशील कुमार ने इस साइकिल रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस रैली से नागरिकों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता आयेगी। उन्होने भाग ले रहे प्रतिभागीयों को सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्हाने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रैली अंकुर स्कूल, शिवाजी नगर से आरंभ होकर सरोजिनी नायडू हायर सेकन्ड्री स्कूल तिराहा, सात नम्बर चौराहा, शासकीय सुभाष हायर सेकन्ड्री स्कूल और बिटट्न मार्केट चौराहा होते हुए गिरीश कुंज परिसर, ई-5 अरेरा कालोनी पर समाप्त हुई। रैली में भाग ले रहे सभी प्रतिभागीयों ने अपने साइकिलों के सामने सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों के बारे में संदेश लगाये थे। रैली में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया जिनमे स्कूली बच्चे और समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक शामिल हुए। रैली के समापन के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

प्रतिभागियों ने मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव गृह को संबोधित एक मेमोरेन्डम पर हस्ताक्षर किये जिस मे निवेदन किया है कि प्रदेश में ऐसी सतत परिवाहन व्यवस्था विशेष रुप से पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वालों की आवश्यकता और सड़क सुरक्षा कायम करने के विशेष प्रयास किये जायें।

# 2 .45 करोड़ से आठ सड़कों का भूमि पूजन, 6 दिन में 10 करोड़ की सड़कें



## सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने किया विधायक का जोरदार स्वागत

**संत हिरदाराम नगर।** लम्बे समय बाद संत हिरदाराम नगर की सड़कों का भाग्य चमका है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने 2.45 करोड़ की लागत से 8 सड़कों का भूमि पूजन कर घनी बस्ती आबादी का दिल जीत लिया। इस पर अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, वासुदेव वाधवानी, अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, गोविंदराम धर्मदासानी, महेश चोटरानी, पंचायत सलाहकार एवं कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी, वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी व अनेक भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाजपा विधायक का शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने लोहा पीट बस्ती रोड, आरा मशीन रोड, झूलेलाल मंदिर रोड, मांझी नगर रोड, वन ट्री हिल्स की मुख्य सड़क, जसवानी मेंशन रोड, ठाकी दादी दरबार रोड व मिनी मार्केट चंचल स्वीट के पीछे वाली रोड का भूमि पूजन किया। वहीं जसलोक स्कूल के सामने वाली जेपी सड़क का प्रस्ताव बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। महासचिव सुरेश जसवानी ने बताया कि अगर बीते 8 दिनों की बात की जाए, तो वार्ड एक से लेकर 6 तक जोन एक एवं 20 के अन्तर्गत आने वाली लगभग दो दर्जन से अधिक सड़कों जिनमें सीमेंट कांक्रीट एवं डामरीकरण शामिल है, 10 करोड़ की राशि से भूमि पूजन किया है और अधिकांश सड़कों का निर्माण का काम तेजी से चल रहा है।

### चप्पा चप्पा होगा पक्का

इस मौके पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संत हिरदाराम नगर की हर गली, मोहल्लें की सड़क को पक्का किया जाएगा, चप्पा चप्पा पक्का होगा, कोई भी सड़क छूटेगी नहीं यह प्रयास किया जा रहा है कि बरसात के पहले 15 जून तक सभी सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। कई जगहों पर सड़के साथ नाली निर्माण का भी

# मिलावट से मुक्ति अभियान में मुस्कान और नूर बेकरी के खाद्य नमूने लिए



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार रविवार को थाना ऐशबाग पुलिस प्रशासन और खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए । निरीक्षण किए गए प्रतिष्ठानो में मुस्कान बेकरी से टोस्ट और मैदा के नमूने लिए गए, नूर बेकरी से टोस्ट और खारी के नमूने लिए गए, मिनाल रेसीडेंसी में स्थित वाइकिंग कैफे और रेस्टोरेंट से मैदा, विनेगर और सिवइया के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त

## भोपाल को मिल रही एग्जिबिशन सेंटर की सौगात

**भोपाल।** भोपाल की गोविंदपुरा स्थित गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के तत्वाधान मे एग्जीबिशन सेंटर का निर्माण किया गया है 20000 स्क्वायर फीट में निर्मित एडमिशन सेंटर भोपाल में स्ट्रक्चरल इंजीनियर का भी एक अद्भुत नमूना है इसका निर्माण भाषा एसोसिएट्स द्वारा किया गया भाषा एसोसिएट के संचालक प्रमोद चतुर्वेदी ने बताया कि 20000 स्क्वायर फीट में बिना किसी सपोर्ट स्ट्रक्चर खड़ा खड़ा करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था मेनिट भोपाल द्वारा इसका डिजाइन एप्रूव्ड किया गया किया गया दिल्ली के इंजीनियरों के मार्गदर्शन में इसका निर्माण किया गया भोपाल में इतने बड़े स्ट्रक्चरल इंजीनियर का पहली बार निर्माण किया गया है इस एडमिशन सेंटर का उद्घाटन 23 मई को एमएसएमई मंत्री वीरेंद्र सकलेचा एवं मंत्री विश्वास सारंग के द्वारा किया जाएगा

## 7 पेटी अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार



**दमोह।** गैसाबाद थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गैसाबाद थाना के पुरैना गांव में अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपियों को पकड़ा है आरोपियों के पास से 7 पेटी देशी शराब पकड़ी गई है,जिसमे 100 पाव देशी लाल मसाला शराब और 250 पाव सफेद प्लेन शराब करीब 63 लीटर बरामद की गई है, जब्त शराब की कीमत 25000 सहित कुल मशरूका 45 हजार करीब पुलिस ने जब्त किया है। दोनो आरोपी बाइक से शराब परिवहन कर रहे थे। जो मुराछ गांव शराब ले जा रहे थे।थाना पुलिस द्वारा दोनो आरोपी करन अहिरवार और पन्नू अहिरवार के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर काम में गश्त के दौरान 20 मई की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है।

# महापौर मालती राय को सर्व मंगलम समूह ने दी जन्मदिन की बधाई



**भोपाल।** महापौर मालती राय के जन्मदिन के अवसर पर सर्वमंगलम समूह के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर रमाकांत शुक्ला संस्थापक सर्व मांग्लयम समूह एवं सचिव संपूर्ण भारतीय ब्राह्मण महासभा, अशोक कटारे संचालक सदस्य सर्व मांग्लयम एवं न्यू मीनाल सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष घनश्याम भकोरिया संचालक सदस्य सर्व मांग्लयम और अध्यक्ष अजाक्स मंत्रालय शाखा द्वारा महापौर मालती राय को पुष्प गुच्छ भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। चरमंगलम समूह द्वारा अनेक जनउपयोगी कार्य किए जाते हैं जिसमें महिलाओं को आर्थिक संबल पशु पक्षियों की सेवा एवं वृक्षारोपण विशेष है इस अवसर पर संघ मंगलम समाज के संस्थापक संचालक रमाकांत शुक्ला ने भोपाल शहर के विकास में सर्वमंगलम समूह की ओर से पूर्ण सहयोग का महापौर मालती राय को आश्वासन दिया।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**भोपाल।** विद्या बाल हनुमान मंदिर के महंत रविंद्र महाराज के सुपुत्र चिरंजीव आशुतोष दुबे का उपनयन संस्कार बंधु बांद्रा की



उपस्थिति में विधि विधान से संपन्न हुआ इस अवसर पर शनिवार को सुंदरकांड का आयोजन किया गया एवं रविवार को माटी मंगल मंडपसाधन उपनयन संस्कार संपन्न हुआ इस अवसर पर विशाल प्रसादी भंडारे का भी आयोजन किया गया विद्या बाल हनुमान मंदिर पुजारी महंत रविंद्र महाजनी बताया कि उपनयन संस्कार सनातन धर्म में विशेष

## पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन 25 तक

**भोपाल** । जिले में 10 शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 मई तक आमंत्रित किए जाएगे । पहले यह तिथि 11 मई निर्धारित थी। खाद्य आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि पात्र संस्थाओं से उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएगे। सुश्री मालाकार ने बताया कि हुजूर विकासखंड में उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायत हुजूर में पाटनिया, समसगढ़, खुरचनी, महाबडिया,छापरी, गुराडिया, पिपलियारानी, मुबारकपुर, बरखेडी हज्जाम और मेंडोरा में नवीन शासकीय मूल्य उचित दुकान खोली जानी है।

# कर्मचारी मंच ने निकाली महारैली, 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में आज प्रदेशभर से आए स्थायी कर्मियों ,दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों, अंशकालीन कर्मचारियों एवं वन सुरक्षा श्रमिकों ने सेकंड स्टॉप तुलसी नगर से सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षा के विरोध में विशाल महारैली निकाली जो विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रांतीय सम्मेलन स्थल अंबेडकर जयंती मैदान पहुंची महारैली में विभिन्न जिले से आए कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया सम्मेलन में कर्मचारियों ने प्रमुख 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तैयार करके मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन भोपाल को सौंपा प्रांतीय सम्मेलन को कर्मचारी नेता अशोक पांडे प्रांताध्यक्ष राजू शील यादव प्रांतीय महामंत्री सागर बिहारी यादव प्रांतीय सचिव सिवनी प्रवीण तिवारी इंदौर महेंद्र सारस जिला अध्यक्ष धार प्रमोद बर्डे जिला अध्यक्ष बेतूल महेंद्र गौर जिला महामंत्री मुरैना सत्येंद्र पांडे भोपाल शिव प्रसाद सांगुले आदि ने संबोधित किया संचालन श्याम बिहारी सिंह जिला अध्यक्ष भोपाल ने किया।




मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि सरकार स्थायी कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों एवं वन सुरक्षा श्रमिकों की मांगों की लंबे समय से उपेक्षा कर रही है जिस कारण प्रदेश भर के लाखों अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भयंकर असंतोष व्याप्त है सरकार के समक्ष आज महारैली एवं सम्मेलन के माध्यम से ज्ञापन में 10 सूत्रीय प्रमुख मांगे जिनमें एनपीएस वापस लेकर कॉपियस पुरानी पेंशन योजना लागू करने 1 जनवरी 2023 से 4त्न महंगाई भत्ते का लाभ देने स्थाई कर्मियों को नियमित करने तथा सातवें वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2016 से एरियर सहित देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 2014 से न्यूनतम नियमित वेतनमान देने अंशकालीन कर्मचारियों एवं वन सुरक्षा श्रमिकों को कलेक्टर दर का वेतन देने अनियमित कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने नियमित हो चुके दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी सेवाकाल की वरिष्ठता देने स्थायी कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी के समान अवकाश सुविधा का लाभ देने स्थायी कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों वन सुरक्षा श्रमिकों को मेडिकल सुविधा बीमा सुविधा पीएफ सुविधा का लाभ देने तथा सीधी भर्ती एवं आउटसोर्स भर्ती पर रोक लगाने की मांग की है महारैली एवं सम्मेलन में अशोक कहार मटकुली सुकमन धुर्वे पचमढ़ी अनिल पाराशर सागर नानकराम यदुवंशी छिंदवाड़ा हल्लू लाल कुशवाहा टीकमगढ़ रामदीन सिंह शहडोल मोहन आगर सुनील उईके बालाघाट रामबाबू सेन बैरसिया रमेश मालाकार राजगढ़ हिम्मत सिंह धुर्वे बैतूल कैल सिंह भूरिया देवास राजू बागड़े भोपाल निर्मला खींची जीरापुर मुमताज बेगम शहडोल सुनीता चौहान भोपाल जयवनती उईके बैतूल आदि हजारों कर्मचारी शामिल थे।

# आयोजित होंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, दिखाई जाएगी आपातकाल पर डाक्यूमेंट्री

## जिला कार्यसमिति बैठक में भोपाल लोकसभा क्षेत्र में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम शुरू करने पर निर्णय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया।

बैठक का शुभारंभ प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर,पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने महापुरूषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक में दो मिनट मौन रखकर पार्टी के दिवंगत नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोक प्रस्ताव जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत राजपूत ने रखा।

जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया के प्रमुख इंफ्लुएंसर के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल लोकसभा में संपर्क से समर्थन वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 250 विशिष्ट परिवारों से संपर्क किया जाएगा, जिनमें उत्कृष्ट खिलाड़ी, कलाकार और समाजसेवी जैसे विषिष्ट व्यक्तियों के परिवार सम्मिलित होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की चर्चा होगी। 25 जून को भोपाल लोकसभा की मुख्य विधानसभाओं पर प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें आपातकाल पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही आमजन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर अतिविषिष्ट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 10 लाख बूथों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। 20 से 30 जून तक भोपाल के बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इस महाजनसंपर्क के अंतर्गत सभी कार्यकर्ता प्रत्येक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर विकास कार्यों पर चर्चा कर लाभार्थियों के साथ सेल्फी लेंगे एवं मिस कॉल करवाकर प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देंगे।

बैठक में जिला महामंत्री व नगर निगम अध्यक्ष किषन सूर्यवंशी ने आजीवन सहयोग निधि की जानकारी दी। बूथ विस्तारक अभियान की विस्तृत जानकारी जिला महामंत्री रविंद्र यति ने रखी। बैठक में मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने किया। आभार जिला उपाध्यक्ष शंकर मकोरिया माना। इस अवसर पर कार्यसमिति में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पार्षद, एमआईसी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, सुनील पांडे, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति, प्रवक्ता हितेश बाजपेई, सुनेहा बग्गा, दीपक विजयवर्गीय, दुर्गेश केसवानी, सुभक्ति शर्मा, विकास बिदोरिया, चेतन भार्गव, किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति, जगदीश यादव, राम बंसल, इंद्रजीत राजपूत मंचासीन थे।

**विशेष संपर्क अभियान के लिए प्रभारी घोषित:** विशेष संपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन अभियान के प्रभारी लिलि अग्रवाल, सुनील पांडे, देवेन्द्र भार्गव, विशाल जनसभा अभियान प्रभारी आलोक संजर, गिरीश शर्मा, प्रेस वार्ता अभियान प्रभारी सुनेहा बग्गा, डॉ. हितेष वाजपेयी, राजेन्द्र गुप्ता, प्रबुद्ध सम्मेलन अभियान प्रभारी कृष्णमोहन सोनी, शैतान सिंह पाल, सोशल मीडिया इंन्फलुएंसर मीट अभियान प्रभारी धीरज सोनी, विकास बोंदरिया, व्यापारी सम्मेलन अभियान प्रभारी श्रीमती मालती राय, डॉ. दीपक मेहता, डॉ. दुर्गेश केसवानी, विकास तीर्थ अभियान प्रभारी आरके सिंह बघेल, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं परिचर्चा अभियान प्रभारी रामदयाल प्रजापति, सत्यार्थ अग्रवाल, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन अभियान प्रभारी राहुल राजपूत, सुतुलसी सोनी, लाभार्थी सम्मेलन अभियान प्रभारी सतीष विश्वकर्मा, किशन सूर्यवंशी, योग दिवस अभियान प्रभारी मनोज विश्वकर्मा, राजू अनेजा, मोदी जी के साथ वीसी अभियान प्रभारी अश्वनी राय, शैलेन्द्र निगम, घर-घर अभियान संपर्क प्रभारी भीकम सिंह बघेल, योगेश परमार, विमलेश ठाकुर, राकेश जैन, बीएस वाजपेयी, दिनेश यादव, सुभक्ति शर्मा को नियुक्त किया।

## चित्रगुप्त नगर कोटरा में छत्रसाल जयंती पर आज कार्यक्रम

**भोपाल।** सोमवार को मध्यप्रदेश के महान स्वातंत्र्य प्रणेता महराजा छत्रसाल की जयन्ती का भव्य साहित्यिक -सांस्कृतिक समारोह सोमवार 22 मई जेठ सुदी तीज को दिन में 3 बजे से परिषद के मुख्यालय 75 चित्रगुप्त नगर कोटरा भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। विचार विमर्श के साथ कवि गोष्ठी आयोजित होगी जिसमें कवि भागीदारी करेंगे।

## सरकारी और प्रायवेट कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया 25 मई से

**भोपाल ।** उच्च शिक्षा से संबंधित सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अकादमिक-सत्र 2023-24 के लिए 25 मई से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होंगे। प्रवेश प्रक्रिया में एक मुख्य चरण और तीन सीएलसी राउंड होंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। विद्यार्थियों को अपने दस्तावेज के सत्यापन के लिए महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।

इस वर्ष स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए भी ई-सत्यापन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। अधिभार का लाभ लेने वाले आवेदकों का भी हेल्प सेन्टर द्वारा ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। ई-प्रवेश के लिये मार्गदर्शिका जारी की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया स्टूडेंट फ्रेंडली बनाने एवं सुचारू संचालन के लिए प्राध्यापकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को प्रशासन अकादमी से ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित प्राध्यापक मास्टर ट्रेनर के रूप में कॉलेज के अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों तथा एमपी ऑनलाइन के किओस्क संचालकों के साथ प्रवेश को लेकर महाविद्यालय स्तर पर चर्चा कर उन्हें प्रवेश सम्बन्धी जानकारी दी। प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने के प्रयास किए गए हैं। विद्यार्थी त्रुटि होने पर ऑनलाइन शुल्क जमा कर पूर्व महाविद्यालय के हेल्प सेंटर से सुधार कर सकेंगे और पुन: विकल्प का चयन कर सत्यापन की प्रक्रिया कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्तीकरण पर प्रवेश शुल्क राशि खाते में वापस ट्रांसफर की जाएगी।

## 24 मई को संभाग में ब्लॉक मुख्यालय पर लगेगा आयुष मेला

**भोपाल ।** शासकीय स्वशासी होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल के प्रधानाचार्य डॉ. पी एन पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार सभी ब्लाकस्तर पर आयुष मेलों का 24 मई को आयोजन किया जा रहा है। संभाग के सभी जिलों के सभी ब्लाक स्तर पर 24 मई को प्रात:11 बजे से आयुष मेले का आयोजन किया जाएगा। आयुष मेले में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धत्ति के अनुसार नागरिकों को इलाज मुहैया कराया जायेगा ।

# साधु जी और जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा जैसीनगर

## पर्चा तो एक बहाना है, असलियत में तुम्हें बालाजी का बनाना है: पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

**- जैसीनगर में बागेश्वर धाम सरकार के दिव्य दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब**

**- मंच से शास्त्री ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की प्रशंसा की**



जैसीनगर में चल रहे धर्म के महाकुंभ में रविवार को बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार लगा। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लोगों की समस्याओं का निवारण किया। सबसे पहले उन्होंने कथास्थल पर बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की प्रशंसा की। शाम को कथा में उन्होंने हनुमान जी की आठ सिद्धियों और नौ निधियों के बारे में विस्तार से बताया। साधु जी राम-राम और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा जैसीनगर गुंजायमान हो उठा।

दिव्य दरबार में श्री शास्त्री ने कहा, जो कहते थे कि भगवान नहीं होते, दिव्य शक्तियां नहीं होती, झूठे तरीके से अन्य मजहब के लोग भोले-भाले लोगों को हली-उल्लाह के नाम पर करंट लगाते थे, हमें लगता है उन सबके मुंह पर तमाचा मारने के लिए बागेश्वर धाम का दरबार लगता है।

उन्होंने कहा, पर्चा तो एक बहाना है, असलियत में तो तुम्हें बालाजी का बनाना है। आज के बाद या तो तुम हनुमान जी को मानना छोड़ दो या फिर सब कुछ हनुमान जी पर छोड़ दो। हम इतनी मेहनत इसलिए कर रहे हैं, ताकि आप लोगों को तांत्रिकों के चक्कर में न पड़ना पड़े, अन्य मजहब के चक्कर में न पड़ना पड़े।

**भगवान का मतलब पॉजिटिबिटी:** शास्त्री ने कहा, आज तक तथाकथित लोगों ने भारत को सिर्फ भूत (भूतकाल) पकड़ाए हैं, भय, झूठी दिलासा, झूठा सम्मोहन, नकारात्मक बातें पकड़ाई हैं और हम भारत के लोगों को भगवान पकड़ाकर जाएंगे। भगवान का मतलब पॉजिटिबिटी, भगवान का मतलब नित नई ऊर्जा होता है। चमत्कार के चक्कर में नहीं, हनुमान जी के चक्कर में पड़िए। उन्होंने इसे दोहा और चौपाइयों के जरिए समझाते हुए कहा... और देवता चित न धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करहीं।

**व्यवस्थाओं की प्रशंसा की:** कथा के दूसरे दिन सागर जिले के साथ ही पूरे प्रदेश और देश से लोग जुटे। भंडारा (प्रसादी) अनवरत चलती रही। गर्मी में पानी की व्यवस्था से भी लोग खुश नजर आए। यहां तक कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी मंच से व्यवस्थाओं के लिए मंत्री श्री राजपूत और आयोजन समिति की तारीफ की।

**आस्था ऐसी, हजारों लोग पैदल पहुंचे:** गढ़ाकोटा के छोटा छपरा से एक युवक पदयात्रा करते हुए दिव्य दरबार में पहुंचा। उसने अपनी परेशानी बताई, इससे पहले ही श्री शास्त्री ने उसका पर्चा बना लिया था। जब युवक को उन्होंने पर्चा बताया तो वही परेशानियां थीं। यह देख पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। ऐसे ही हजारों लोग पदयात्रा और पिंड भरते हुए कथा में पहुंचे थे। दिव्य दरबार में श्री शास्त्री ने कई लोगों के दु:खों का निवारण किया। अंत में सामूहिक अर्जी लगवाई। कथा में पीडब्ल्यूडी मंत्री पंडित गोपाल भार्गव, विधायक शैलेंद्र जैन सहित कई जनप्रतिनिधि गुरु जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## 38 करोड़ से होगा निवाड़ी में विद्युत अधोसंरचना का सुधार

**भोपाल।** निवाड़ी जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिए 38 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। इसमें से भारत सरकार द्वारा रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण में 16 करोड़ रूपये और राज्य सरकार द्वारा 22 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि स्वीकृत राशि से होने वाले कार्यों में 56 किलोमीटर 132 केव्ही लाइन निर्माण, एक नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 10 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, 16 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण कार्य, 348 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 1032 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य एवं 109 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण और कंडक्टर क्षमता वृद्धि के कार्य सम्मिलित हैं। इससे निवाड़ी जिले की लगभग 4 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी। साथ ही आगामी 10 वर्षों की विद्युत मांग की पूर्ति हो सकेगी।

## रोजगार दिवस पर मिलेगा सिंगल क्लिक से 271 करोड़ से अधिक का अनुदान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 24 मई को उमरिया में होने वाले कार्यक्रम से 1309 एमएसएमई इकाइयों के उद्यमियों को प्रोत्साहन योजना में सिंगल क्लिक से 271 करोड़ 41 लाख का अनुदान वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री राज्यस्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में 2 लाख 26 हजार 647 युवाओं को विभिन्न स्व-रोजगार योजना में 2114 करोड़ 48 लाख के लोन उपलब्ध कराने की प्रतीकात्मक शुरुआत भी करेंगे। सचिव एमएसएमई पी. नरहरि ने रविवार को इस वृहद कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी होंगे। जिलों के कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों, एमएसएमई प्रोत्साहन योजनान्तर्गत लाभान्वित इकाईयों के प्रतिनिधियों तथा उद्योग संघ के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वरोजगार योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति वितरण पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान उमरिया से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभान्वित की जा रही इकाईयों में से किन्हीं दो के प्रतिनिधियों तथा स्वरोजगार योजना के दो हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

## लायंस क्लब और बिटोआ ने आयोजित किया रक्तदान शिविर




**भोपाल।** लायंस क्लब एवं बिटोआ के सयुंक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में स्वयं एवं अपने कर्मचारियों और मित्रों के साथ रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन भोपाल मेमोरियल अनुसंधान के मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक लायन आशीष जैन ने बताया कि ऐसा ही रक्तदान शिविर भविष्य में पुन: आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा और इससे भी ज्यादा रक्त एकत्रित किया जाएगा जो जरूरतमंद व्यक्तियों के काम आएगा। शिविर में बिटोआ के अध्यक्ष ललित जैन और सचिव धीरेंद्र पटेल, अजय मीणा का विशेष सहयोग रहा। अंत में बीएमएचआरसी की टीम ने सभी रक्त दाताओं का आभार माना और आगे भी इसी तरह की मदद की अपेक्षा की। रक्तदान शिविर में 36 यूनिट रक्त लोगों की सहायता के लिए दिया गया।

# ओल्ड सुभाष नगर और सुभाष कॉलोनी की सभी सड़कों का होगा नवीनीकरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 44, 70 और 38 में रहवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री श्री सारंग ने ओल्ड सुभाष नगर, सुभाष कॉलोनी सी सेक्टर के समस्त मार्गों के डामरीकरण कार्य एवं शंकर गार्डन में नाली निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा को आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ समस्त क्षेत्रों में निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। चूंकि विकास एक सतत प्रक्रिया है इसीलिये योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों की सौगात देने के लिये विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंचों के माध्यम से मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

### 4.85 करोड़ की लागत से वार्ड 38 के शंकर गार्डन की नालियां बनेगी

मंत्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 44 के ओल्ड सुभाष नगर एवं वार्ड 70 सुभाष कॉलोनी सी सेक्टर के समस्त मार्गों का कुल 7.50 करोड़ रूपये की लागत से नवीनीकरण किया जायेगा। इसके साथ ही लगभग 4.85 करोड़ रूपये की लागत से वार्ड 38 के शंकर गार्डन की समस्त नालियों का निर्माण किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ने वृद्धजनों के सपने को किया साकार

मंत्री सारंग ने वायुयान द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के बारे में नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 32 वृद्धजनों को लेकर पहला विमान भोपाल एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिये रवाना हुआ है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां वायुयान के माध्यम से वृद्धजनों को राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क तीर्थ कराया जा रहा है। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री श्री चौहान श्रवण कुमार के रूप में प्रदेश के वृद्धजनों के तीर्थ दर्शन के सपने को साकार कर रहे हैं।

### पहले बाढ़ की बनती थी स्थिति आज नरेला का खुद का आदर्श ड्रेनेज सिस्टम

मंत्री सारंग ने भूमि-पूजन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पहले बारिश में निचली बस्तियों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होती थी वहीं अब नरेला विधानसभा का खुद का ड्रेनेज सिस्टम है। जिसमें नालों का चैनेलैजेशन किया गया है। जिससे नरेला क्षेत्र की निचली बस्तियों में बारिश में बाढ़ की स्थिति निर्मित नहीं होती है। उन्होंने कहा कि नरेला में नालों का चैनलाइजेशन किया गया है। इससे शहर में बाढ़ का पानी अब बगैर किसी नुकसान के आसानी से शहर से बाहर निकाला जा रहा है।

# भोपाल सहित 6 एम्स में अब कैशलेस उपचार की सुविधा

## एम्स और सीजीएचएस, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भोपाल, भुवनेश्वर, पटना, जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश स्थित 6 एम्स में अब सभी सीजीएचएस लाभार्थियों (सेवारत और पेंशनभोगी) को कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। सीजीएचएस पेंशनभोगी और सीजीएचएस लाभार्थियों की अन्य पात्र श्रेणियां इन 6 एम्स में सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए ओपीडी, जांच और आंतरिक उपचार में कैशलेस उपचार के लिए पात्र होंगी । यह महत्वपूर्ण निर्णय कल दिल्ली में लिया गया । केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की उपस्थिति में इन छह एम्स और सीजीएचएस, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । इस अवसर पर एम्स भोपाल के उप निदेशक कर्नल डॉ. अजीत कुमार ने एम्स भोपाल का प्रतिनिधित्व किया और बैठक में भाग लिया।

इस सत्र में अपर सचिव श्रीमती वी. हेकाली झिमोमी, संयुक्त सचिव श्रीमती अंकिता मिश्रा, संयुक्त सचिव डॉ. मनशवी कुमार, निदेशक, सीजीएचएस, डॉ. जैन सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे । एम्स भुवनेश्वर, एम्स पटना, एम्स रायपुर, एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक और उप निदेशक कर्नल डॉ अजीत कुमार एम्स भोपाल और एम्स ऋषिकेश के प्रतिनिधि एमओए हस्ताक्षर कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

वर्तमान में सीजीएचएस देश के 79 शहरों में कार्य कर रहा है । भोपाल, भुवनेश्वर, पटना, जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश में 6 पूरी तरह कार्यात्मक एम्स में उपलब्ध रोगी देखभाल सुविधाओं को कैशलेस आधार पर सीजीएचएस लाभार्थियों तक बढ़ाया जाएगा । यह विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों (सीजीएचएस के सेवानिवृत्त पेंशनभोगी लाभार्थी) के लिए फायदेमंद होगा, जिन्हें व्यक्तिगत प्रतिपूर्ति दावों को प्रस्तुत करने और अनुमोदनों का पालन करने में कठिनाई होती है । सीजीएचएस लाभार्थियों को पहले भुगतान करने और फिर सीजीएचएस से प्रतिपूर्ति मांगने की परेशानी के बिना इन एम्स में उपलब्ध अत्याधुनिक उपचार सुविधाओं तक पहुंचने का लाभ मिलेगा । इस पहल से समय की बचत होगी, कागजी कार्रवाई कम होगी और व्यक्तिगत दावों के निपटान में भी देरी होगी । अभी तक एम्स में उपचार करा रहे सीजीएचएस पेंशनभोगी लाभार्थियों को पहले भुगतान करना होता है और बाद में सीजीएचएस से प्रतिपूर्ति का दावा करना होता है ।

### इस पहल की मुख्य विशेषताए

1. सीजीएचएस पेंशनभोगी और सीजीएचएस लाभार्थियों की अन्य पात्र श्रेणियां इन 6 एम्स में ओपीडी, जांच और भर्ती होकर उपचार में कैशलेस उपचार के लिए पात्र होंगी ।
2. ये 6 एम्स सीजीएचएस पेंशनरों और पात्र लाभार्थियों की अन्य श्रेणियों के क्रेडिट बिल सीजीएचएस को जारी करेंगे और सीजीएचएस बिलों की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अधिमानत: भुगतान करेंगे ।
3. सीजीएचएस लाभार्थी का प्रवेश केवल एम्स में उपचार के लिए वैध सीजीएचएस लाभार्थी पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा ।
4. एम्स सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए एक अलग हेल्प डेस्क और एक अलग लेखा प्रणाली बनाएगा ।
5. ओपीडी उपचार के लिए या एम्स से छुट्टी के समय एम्स में डॉक्टरों द्वारा निर्धारित दवाएं सीजीएचएस के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा एकत्र की जाएंगी ।

स म्पा द की य

# न्यू गिनी में फिपिको की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पापुआ न्यू गिनी में जिस फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं, यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब दुनिया की प्रमुख शक्तियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र के रणनीतिक समीकरण को नया आकार देने में लगी हैं। इसमें 18 प्रशांत द्वीपीय राष्ट्रों के नेताओं के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी शिरकत करने वाले थे, लेकिन वॉशिंगटन में चल रही डेट सीलिंग वार्ता के कारण बाइडन को अपना दौरा अचानक रद्द करना पड़ा।

चीन और अमेरिका के बीच उभरते भू-राजनीतिक विवादों में प्रशांत द्वीप समूह की केंद्रीय भूमिका पिछले काफी समय से स्पष्ट हुई है। चीन बहुत पहले से इस क्षेत्र के साथ आर्थिक रूप से जुड़ा रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में सुरक्षा केंद्रित रिश्ते बन गए। पिछले साल चीन और सोलोमन द्वीप ने एक समझौता किया, जिसके मुताबिक पेइचिंग इस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके तहत चीन वहां अपने जहाज भेज सकता है, रसद पहुंचा सकता है, यहां तक कि अपने कर्मचारियों और बड़े प्रॉजेक्टों की सुरक्षा के लिए बल का प्रयोग भी कर सकता है।

हालांकि स्थानीय स्तर पर असंतोष कम नहीं है, इसके बावजूद क्षेत्र में चीन का दबदबा लगातार बढ़ता ही रहा है। इसी साल फरवरी में दक्षिण प्रशांत देश मलाइता प्रांत के प्रमुख डेनियल सुइदानी को विधायिका ने पद से हटा दिया। सुइदानी इस देश में चीनी उपस्थिति के घोर विरोधी थे।

चीन ने प्रशांत द्वीप समूह फोरम (पीआईएफ) और चीन-प्रशांत द्वीप राष्ट्र आर्थिक विकास और सहयोग फोरम (ईडीसीएफ) जैसे क्षेत्रीय मंचों का असरदार ढंग से उपयोग भी किया है। पिछले साल चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग यी ने दस प्रशांत द्वीप राष्ट्रों के साथ आर्थिक और सुरक्षा समझौता करने की काफी कोशिश की। हालांकि ये प्रयास सफल नहीं हुए, लेकिन इनसे इस क्षेत्र को लेकर चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षा जरूर रेखांकित हुई। इसके उलट, अमेरिका का रवैया इस मामले में बड़ा लचर रहा है। उसने कभी इन देशों के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता नहीं दी। नतीजा यह हुआ कि जैसे-जैसे इन इलाकों में चीन की पैठ बढ़ी, अमेरिका का असर कम होता गया। उसकी दिलचस्पी सैन्य मौजूदगी तक सीमित रही, पर उसने इस क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं दिया।

आखिर, चीन की लगातार बढ़ती सक्रियता से आखिर अमेरिका की नींद टूटी है। बाइडन के इंडो-पैसिफिक एक्सपर्ट कर्ट कैंपबेल ने आगाह किया कि प्रशांत क्षेत्र में चीनी सैन्य उपस्थिति से कभी स्थिति बिगड़ सकती है और इसलिए अमेरिका को भी यहां अपनी मौजूदगी बढ़ानी होगी। इसके बाद वाइट हाउस ने क्षेत्र में अमेरिकी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार करने के लिए यूएस-पैसिफिक द्वीप रणनीति घोषित की और पिछले सितंबर में पहला यूएस-पैसिफिक आइलैंड कंट्री समिट किया, जिसने इस क्षेत्र को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता दर्शाई।

ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान और ब्रिटेन के साथ मिलकर अमेरिका ने पार्टनर्स इन द ब्लू पैसिफिक इनिशटिव लॉन्च किया जिसका मकसद पैसिफिक आइलैंड देशों को क्षेत्रवाद, संप्रभुता, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व के सिद्धांतों के अनुरूप और प्रशांत द्वीप समूह की अगुआई व उनके निर्देशन में समर्थन उपलब्ध कराना है। इस समूह में एक ऑब्जर्वर के तौर पर भारत भी विकास में अहम भूमिका निभा सकता है।

नई दिल्ली ने मोदी की फिजी यात्रा के दौरान 2014 में 14 प्रशांत द्वीप राष्ट्रों के साथ एफआईपीआईसी लॉन्च किया था। तब से भारत ने नियमित उच्च स्तरीय बातचीत को बहाल रखने की कोशिश की है। भले ही बाइडन की यात्रा रद्द हो गई, लेकिन मोदी के वहां रहते हुए पापुआ न्यू गिनी जाने की उनकी योजना अपने आप में एक स्पष्ट संदेश देती है। यह कि अमेरिका-भारत साझेदारी अब नए क्षेत्रों में नई संभावनाए तलाशने को लेकर किसी तरह की झिझक नहीं रखती और यह भी कि दोनों प्रशांत क्षेत्र में चीन के दबाव का एक प्रभावी विकल्प प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, अमेरिका को जरूर अब यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी घरेलू समस्याएं उसे अपने सहयोगियों और साझेदारों को दीर्घकालिक रणनीतिक इरादों के संबंध में आश्वस्त रखने में बाधक न बनें।

भारत को इन देशों में अपनी भागीदारी बढ़ाने में एक यह बात बहुत सहायक होगी कि कई देशों में भारतीय मूल के लोग केवल नागरिक के तौर पर ही नहीं रहते, वहां के प्रभावशाली लोगों में भी शामिल है। राजनीति और प्रशासन में भी उनकी हिस्सेदारी है। इसलिए यदि चीन के प्रभुत्व को कम करना है, तो एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत को अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी और साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग के समझौते भी करने चाहिए।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# सिंधिया और पायलट के बीच क्या खिचड़ी पक रही?

**सुरेश तिवारी**

इन दिनों मध्यप्रदेश और राजस्थान की राजनीति



खासी गरमाई हुई है। उसका कारण है कि दोनों राज्यों में साल के आखिरी में चुनाव होना है। मध्य प्रदेश में चुनावी गर्माहट के कई कारण है। इन दोनों राज्यों में एक सबसे बड़ी खबर यह है कि मध्य प्रदेश के ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजस्थान के सचिन पायलट में इन दिनों खासी नजदीकी देखी जा रही है।

दोनों के बीच कई मीटिंग होने की खबर भी है। राजनीतिक जानकर इसे अलग दृष्टि से देख रहे है। सियासी गलियारों की खबरों पर अगर भरोसा किया जाय तो दोनों अपनी-अपनी पार्टियों से अंदर अंदर ही कहीं न कहीं खफा लगते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया तो इस बात का खुलासा नहीं करते, पर सचिन पायलट का नजरिया दर्शाता है कि वे चुनाव से पहले कुछ ऐसा करने वाले हैं, जिसके बारे में सोचा नहीं गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया और सचिन पायलट की मुलाकातें किसी नए गुल को खिलाने का संकेत दे रही है। अब वह क्या होगा, इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि, दोनों युवा है और दोनों के पास समर्थकों की बड़ी फ़ौज है। यह बात अलग है कि चुनाव में उनको और उनके समर्थकों को कितनी तवज्जो मिलती है, सारा दारोमदार इसी बात पर है।

**लक्ष्मण सिंह का राग सिंधिया आलापने का कारण क्या?**

वैसे तो कांग्रेस के नेता लक्ष्मण सिंह गुना जिले की



चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, लेकिन उनकी पहचान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के छोटे भाई के रूप में ज्यादा होती है। यही कारण है कि उन्हें पार्टी में तवज्जो मिलती रही है और उनकी बातों पर कान नहीं धरे जाते! पर, वे हैं कि अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आते। एक तरफ दिग्विजय सिंह यह कह रहे हैं कि यदि पार्टी ने इजाजत दी, तो वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ने को तैयार हैं। लेकिन, लक्ष्मण सिंह का ताजा बयान है कि कांग्रेस में उन्हें सिंधिया की कमी खलती है। पर, उन्होंने यह नहीं कहा कि कमी खलने का कारण क्या है! बस इतना बोले कि वे बहुत अच्छे वक्ता हैं। देखा गया है कि जब भी लक्ष्मण सिंह को कोई विवादास्पद बयान देना होता है, वे इंदौर आते हैं और बयान देकर निकल जाते हैं!

इस बार भी यही हुआ। वे इंदौर आए सिंधिया की कमी खेलने की बात कही और चले गए। लेकिन, साथ में थोड़ी-बहुत सिंधिया की बुराई भी कर गए। बोले कि ग्वालियर-चंबल संभाग में सिंधिया के कारण कांग्रेस को फायदा होगा और सिंधिया के अधिकांश लोग चुनाव हारेंगे। वे यह बताने से भी नहीं चूके कि कई सिंधिया समर्थक कांग्रेस के संपर्क में हैं और वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आना चाहते हैं। इसके बावजूद यह बात समझ से परे है कि लक्ष्मण सिंह को यह बयान देने की जरूरत क्यों पड़ी!

**बर्खास्त, पूरा थाना सस्पेंड, आपके आदेश का क्या हुआ मंत्रीजी?**

आखिर यह बात स्पष्ट हो गई कि किसी मंत्री के



कहने से किसी थाने का कोई सिपाही भी बर्खास्त तो छोड़ सस्पेंड भी नहीं होता है। यहां तक की उसे हटाया तक नहीं जा सकता। देवास जिले के सतवास थाने पर कृषि मंत्री कमल पटेल जिस तरह थाने में आकर एक रात खूब हंगामा मचाया था, उसका कोई नतीजा नहीं निकला। वायरल वीडियो में मंत्री जी ने जिस तरह से चिल्ला-चिल्लाकर पूरा थाना गुंजा दिया था, वो कई ने वीडियो में देखा और सुना।

उनकी आवाज थी 'बर्खास्त, पूरा थाना सस्पेंड, नौकरी नहीं करने दूंगा!' वे भूल गए थे कि ऐसा कुछ नहीं होगा और न हुआ! थाना भी वहीं है, सारे कर्मचारी भी वहीं हैं। लेकिन, जो नतीजा हुआ वो यह रहा कि मंत्री कमल पटेल की बात का कोई मतलब नहीं होता। खानापूरी के लिए मामले की जांच एसडीओपी को सौंपी गई है।

पूरा मामला सड़क के किनारे खड़े एक खराब डंपर का था, जिसकी शिकायत मिलने पर रास्ते से गुजर रहे मंत्रीजी ने थाने में जाकर हंगामा किया। लेकिन, शायद वे भूल गए था कि वे न तो मुख्यमंत्री हैं और न गृहमंत्री जिनकी बात को कोई तवज्जो दे! उनकी बात और धमकी का पुलिस की कार्रवाई से कोई सरोकार नहीं होता और अब ये साबित भी हो गया है।

**महापौर जो कर रहे, उसके पीछे राजनीतिक मकसद**



अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव की नजरें इंदौर के क्षेत्र क्रमांक 4 पर टिकी है। उन्हें ऐसा लग रहा है कि यदि विधायक होते हुए महापौर बना जा सकता है, तो महापौर होते हुए विधायक भी तो बना जा सकता है! उन्हें ऐसा लगने लगा है कि इस बार शायद पार्टी मालिनी गौड़ को टिकट नहीं देगी और इसलिए उनकी लॉटरी खुल सकती है। वे इसी इलाके में रहते हैं और यही कारण है उन्होंने महापौर बनने के बाद अपना सारा ध्यान क्षेत्र-4 पर ही लगा रखा है।

वे यह नहीं जानते कि वे इंदौर के महापौर हैं, एक विधानसभा क्षेत्र के नहीं! उनके सारे कार्यक्रम, गतिविधियां और घोषणाएं दशहरा मैदान तक ही सीमित है। हाल ही में उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए एक पार्टी की, जिसका उन्होंने नाम लिया 'सिंगल यूज प्लास्टिक की फेयरवेल पार्टी!' यह पार्टी भी दशहरा मैदान पर ही हुई। क्योंकि, अब यही उनकी राजनीति का एक केंद्र बन गया।

शहर के पश्चिमी क्षेत्र पर महापौर की नजरें जिस तरह इनायत हो रही है, उससे पूर्वी क्षेत्र के लोग बेहद नाराज हैं। इस इलाके के नेताओं को भी लग रहा है की महापौर जिस दुर्भावना से काम कर रहे हैं, उसका नुकसान पार्टी को चुनाव में भोगना पड़ सकता है। दरअसल, पुष्यमित्र भार्गव का राजनीति से कोई वास्ता नहीं रहा! वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजनीति के बाद महापौर बन गए। यहां तक तो ठीक है, लेकिन इंदौर के एक बड़े हिस्से की उपेक्षा करके क्षेत्र क्रमांक 4 को अपनी राजनीति का केंद्र वे जिस तरह बना रहे हैं, यह उनके और पार्टी दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

**क्या रिटायर्ड आईएएस बीएम शर्मा फिर होंगे सीएम के ओएसडी?**



भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी बीएम शर्मा को मुख्यमंत्री के फिर से ओएसडी बनाने की चर्चा को लेकर सोशल मीडिया पर रविवार को दिनभर खबरें चलती रही। हालांकि इस बारे में स्वयं बीएम शर्मा ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उधर मुख्यमंत्री सचिवालय से जुड़े सूत्रों ने भी इस तरह की खबरों से फिलहाल इनकार किया है।

बता दें कि बीएम शर्मा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सवा 3 साल पहले पुन: सत्ता संभालने के बाद जून 2020 में बड़े पैमाने पर हुए उपचुनाव के पहले नियुक्त किए गए थे और उपचुनाव समाप्त होने के बाद दिसंबर 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मीडियावाला ने जब इस खबर के बारे में तहकीकात तो यह कहा जा सकता है कि पूर्व में बीएम शर्मा ने चुनावों के दौरान अपने अनुभव के द्वारा अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। हो सकता है मुख्यमंत्री फिर एक बार उन्हें चुनाव के पूर्व अपना ओएसडी बनाने का मन बना रहे हो और शायद हो सकता है इस बारे में उन्होंने कहीं संकेत भी दिए हो लेकिन फिलहाल इसे लेकर शासकीय स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं हुए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि अगले दिनों में क्या बीएम शर्मा मुख्यमंत्री शिवराज के ओएसडी के रूप में फिर से काम करते दिखाई देंगे?

**कई रिटायर्ड आईएएस विधानसभा चुनाव में टिकट जुगाड़ की दौड़ में!**



पिछले दिनों राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के भी चुनाव लड़ने की खबरें आई थी। अकेली निशा बांगरे ही नहीं,कई और भी ऐसे डिप्टी कलेक्टर है जिन्हें बाद में आईएएस अवार्ड हुआ और वे अब रिटायर्ड है, टिकट पाने की जुगाड़ में लग गए है।

प्रशासनिक सेवा के बाद अब रिटायर अधिकारियों का दूसरा ठिकाना राजनीति बनने लगी है। जब भी विधानसभा चुनाव आते हैं, टिकटों की जुगाड़ शुरू हो जाती है। यही सब इस बार भी शुरू हो गया! सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 84 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और 2000 बैच के ढ्रस अफसर रहे एसएस कुमरे भाजपा नेताओं के लगातार संपर्क में हैं। वे सिवनी जिले के बरघाट से बीजेपी के टिकट के लिए कोशिश में लगे हैं। यह सीट एसटी वर्ग के लिए आरक्षित है और कुमरे पूरी कोशिश में हैं कि उन्हें भाजपा से टिकट मिल जाए।

एक अन्य अधिकारी केपी राही 82 बैच के डिप्टी कलेक्टर और 98 बैच के आईएएस अधिकारी रहे है। वे किसी भी एससी सीट के लिए प्रयास कर रहे हैं। शिवनारायण सिंह चौहान 87 बैच के डिप्टी कलेक्टर और 2003 बैच के आईएएस अफसर है। वे सोंधिया समाज के हैं और राजगढ़ ब्यावरा सीट में इस समाज की बहुतायत है। इसलिए वे इस सीट के लिए पूरी ताकत से बीजेपी से टिकट पाने में जुटे हैं।

किसी समय भोपाल के कमिश्नर रहे कवींद्र कियावत का नाम भी चुनाव लड़ने वालों की चर्चा में गाहे बगाहे आता रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इनमें से कितने अधिकारियों को टिकट मिलता है! क्योंकि, किसी रिटायर्ड अधिकारी को टिकट देने का मतलब है उस सीट के लिए सालों से मेहनत कर रहे किसी स्थानीय नेता का हक मारना। भाजपा अभी जिस स्थिति में है, देखना है कि क्या वो ऐसा कोई प्रयोग करेगी?

**दिल्ली के सत्ता के गलियारे में जब अचानक मची हलचल**

दिल्ली के सत्ता के गलियारे बीते सप्ताह लगभग सुस्त पडे थे लेकिन शुक्रवार को अचानक हलचल मच गई। मौका था सरकार द्वारा एक अध्यादेश जारी करना जिसमें दिल्ली के अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग के लिए एक नया प्राधिकरण बनाना और उप राज्यपाल को पुन: प्रशासनिक मुखिया घोषित करना। जाहिर इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू होनी थी। चूंकि दिल्ली सरकार को यह अधिकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही मिले थे, इसलिए आप सरकार ने फिर अदालत का दरवाजा खटखटाया है। गलियारों में अब सुप्रीम कोर्ट के अगले कदम का इंतजार है।

**आईपीएस अफसर को है अपनी पोस्टिंग का इंतजार**

यूटी काडर के आईपीएस अधिकारी अधिकारी आर पी उपाध्याय अपने विदेश डेपुटेशन पोस्टिंग से समय पूर्व वापस आ गए और दिल्ली पुलिस मे अपनी आमद दर्ज करा दी। अब उन्हें पोस्टिंग की प्रतीक्षा है। उपाध्याय तीन साल के लिए यू एन पोस्टिंग पर गये थे लेकिन दो साल बाद ही वापस आ गये।

**पीएम मोदी ने जब सबको चौंकाया**



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल मे नाममात्र का फेरबदल करके सबको चौंका दिया। पिछले सप्ताह रिजुजू को कानून मंत्री से एकदम हटाना, देश में चर्चा का विषय रहा। लेकिन इससे भी ज्यादा वे नेता ज्यादा परेशान हुए जिन्हें शामिल किये जाने की उम्मीद थी। अब तो यह बात साफ हो गई कि मोदी अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कब करेंगे, इस बारे में कोई भी कुछ नहीं कह सकता।

# राज-काजः दिग्विजय के 'इकरार' में 'इंकार' का संकेत

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मीडिया को एक चटपटी खबर दी।



उन्होंने कह दिया कि यदि कांग्रेस नेतृत्व आदेश करेगा तो वे गुना लोकसभा सीट में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। दिग्विजय ने यह बात अपनी शैली में कही। इसमें इकरार तो था लेकिन इंकार के संकेत ज्यादा थे। उन्होंने बिना किंतु-परंतु लगाए सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात नहीं कही। उन्होंने कहा कि वैसे तो वे राज्यसभा के सदस्य हैं। इस लिहाज से उनका चुनाव लड़ना जरूरी नहीं है।

दिग्विजय ने कहा कि मेरा गृह क्षेत्र राजगढ़ है, फिर भी पिछली बार मुझसे कहा गया कि आपको भोपाल से लड़ना तो मैं मैदान में उतर गया। लोकसभा चुनाव में अभी लगभग एक साल का समय है। फिलहाल इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही है, इसलिए लोकसभा चुनाव में कौन कहां से लड़ेगा कोई नहीं जानता। संभव है सिंधिया खुद गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से चुनाव न लड़ें, क्योंकि वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। फिर भी दिग्विजय से सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने सीधे यह कहने की बजाय कि वे सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, थोड़ा घुमा-फिरा कर बात की और गेंद कांग्रेस नेतृत्व के पाले में डाल दी। चुनाव लड़ाने का आखिरी फैसला तो आलाकमान का ही होगा।

**मिशन-23 की राह में रुकावट न बन जाए यह चिंता:**



भाजपा के बड़े नेता जो चिंता साल भर से बैठकों में व्यक्त कर रहे थे, वही विधानसभा चुनाव से 6 माह पहले हुई पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भी व्यक्त की गई। यह चिंता है नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ संवादहीनता। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई नेताओं ने कहा कि संवादहीनता की ही वजह से दीपक जोशी पार्टी छोड़कर गए, हरविंदर सिंह बब्बू ने प्रदेश अध्यक्ष से अपनी जान को खतरा बता दिया, कुसुम मेहदेले कह रही है पार्टी नेतृत्व का यह रवैया आत्मघाती हो सकता है। भंवर सिंह शेखावत के स्वर बगावती हैं। बैठक में कहा गया कि छोटे से लेकर बड़े से बड़े नेता से संवाद होना चाहिए। यह न होना सबसे बड़ी चिंता है। इसके कारण पार्टी के अंदर असंतोष है।

यह सच है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनता के बीच बड़े कार्यक्रम लगातार कर रहे हैं लेकिन व्यक्तिगत रूप से जिनसे बात होना चाहिए, वह नहीं हो पा रही। इसके लिए भाजपा पदाधिकारी और सरकार के मंत्री सबसे ज्यादा जवाबदार बताए जा रहे हैं। यह चिंता ही मिशन-23 की सफलता की राह में रुकावट बन सकती है। खबर है कि इस मसले पर केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से बात की है। वे चार दिन पहले ही बीएल संतोष तथा धर्मेंद्र प्रधान सहित कुछ केंद्रीय नेताओं से बात कर लौटे हैं।

**मोदी के जरिए भाऊ ने प्रस्तुत कर दी दावेदारी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता, भाऊ नाम से चर्चित गौरीशंकर बसेन की काम की अलग शैली है और बात करने का अलग बेबाक अंदाज भी। भाजपा के कई नेता जब अपने बयानों के जरिए पार्टी नेतृत्व की नींद हराम किए हैं, ऐसे में भाऊ पीछे कैसे रहते। उन्होंने कह दिया कि उनकी उम्र अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कम है, यदि वे चुनाव लड़ सकते हैं तो मैं क्यों नहीं? चुनाव लड़ने और काम करने के लिए मैं भी पूरी तरह फिट हूं। आज के दौर में कोई मोदी का नाम लेकर यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा सकता है लेकिन भाऊ हैं ही ऐसे नेता। कोई परवाह किए बगैर जो कहना है, कह डालते हैं। उनके कथन से साफ है कि वे भी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं कुसुम मेहदेले, भंवर सिंह शेखावत, हिम्मत कोठारी, सत्यनारायण सत्तन, अनूप मिश्रा आदि की तरह पार्टी नेतृत्व से संतुष्ट नहीं हैं। पहले वरिष्ठता को नजरअंदाज कर उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई और अब उनका टिकट ही खतरे में है। हालांकि बिसेन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी हैं। इसीलिए उन्होंने खुलकर कभी असंतोष जाहिर नहीं किया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाकर और केबिनेट मंत्री का दर्जा देकर संतुष्ट करने की कोशिश की है। उनके ताजे बयान से साफ है कि इस बार उनका टिकट खतरे में हैं जबकि वे चुनाव लड़ना चाहते हैं।

**'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' जैसी बल्लेबाजी**

कमलनाथ लंबे समय से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घोषणावीर कहते आ रहे थे। आरोप लगाते थे कि शिवराज थैले में नारियल लेकर चलते हैं। चाहे जहां फोड़कर भूमिपूजन, शिलान्यास कर देते हैं। यह भी कहते थे कि मैं घोषणाओं पर नहीं, काम पर विश्वास करता हूं। पर अब कमलनाथ भी उसी रास्ते पर हैं। वादों, घोषणाओं के मसले पर दोनों के बीच 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर प्रतिस्पर्द्धा चल रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने लाडली बहना योजना शुरू की तो कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना। मुख्यमंत्री ने युवाओं, समाजों के कार्यक्रमों में जाकर घोषणाएं शुरू की तो कमलनाथ भी वही करने लगे। कमलनाथ की घोषणाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नारी सम्मान के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए, घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए, कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम के बाद अब 100 यूनिट बिजली माफ, 200 यूनिट बिजली हाफ का नारा। साफ है कि कमलनाथ किसी भी मसले पर मुख्यमंत्री चौहान से पीछे नहीं रहना चाहते। फर्क यह है कि सरकार होने के नाते मुख्यमंत्री घोषणाओं को लागू कर रहे हैं और कमलनाथ सरकार बनने पर इन्हें लागू करने का वचन दे रहे हैं। प्रदेश की जनता शिवराज की घोषणाओं पर भरोसा करती है या कमलनाथ के वचनों पर, यह विधानसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे।

# इस धरती को जीने लायक छोड़िए

**राकेश दुबे**

भोपाल में मौसम के पारे का कोई ठिकाना नहीं है पूरा रविवार गर्मी की गिरफ्त में था, शाम होते ही बारिश हुई । जलवायु परिवर्तन का दंश भोपाल ही नहीं पूरे विश्व के लिये संकट पैदा कर रहा है। जिससे पूरी दुनिया में सूखे, बाढ़ और लू की तपिश के कई रूप सामने आ रहे हैं। इस विकट स्थिति में वृद्धि की आशंकाओं के बीच विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ के आए जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमान डराने वाले हैं।

संगठन के अनुसार आने वाले पांच वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्ष साबित होने वाले हैं। जिसके लिये दुनिया के तमाम देशों को तैयार रहना होगा। जाहिर है इससे पूरी दुनिया को भीषण गर्मी, विनाशकारी बाढ़ और सूखे जैसी मौसमी घटनाओं के परिणामों के लिये तैयार रहना होगा। खासकर भारत जैसे विकासशील देशों के लिये यह बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उन्हें अपनी बड़ी आबादी को इस संकट से सुरक्षा प्रदान करनी होगी। इससे कृषि व अन्य रोजगार के साधन ही बाधित नहीं होंगे बल्कि कई देशों की खाद्य सुरक्षा श्रृंखला के खतरे में पड़ जाने की आशंका बलवती हुई है। निस्संदेह, घातक मौसमी घटनाओं के परिणामों से बचने के लिये विकसित व विकासशील देशों को कमर कसनी होगी।

पूर्व औद्योगिक युग के स्तर पर 1.5 डिग्री सेल्सियस की खतरनाक वृद्धि से आगे तापमान बढ़ने से अल नीनो प्रभाव के चलते तमाम विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। यह सब मानव की अंतहीन लिप्सा के चलते पैदा हुई ग्रीन हाउस गैसों द्वारा उत्सर्जित गर्मी इस संकट में इजाफा ही करने वाली है। जिससे दुनिया के पर्यावरण के व्यापक विनाश की आशंका पैदा हो रही है। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ किये गये खिलवाड़ का खमियाजा आने वाली पीढ़ियां भुगतने को अभिशप्त हैं।

एक बात और अपने संसाधनों का भरपूर उपयोग करके समृद्धि पाने वाले विकसित देश अपने दायित्वों से मुंह मोड़ रहे हैं। दुनिया में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े तमाम संगठनों की दशकों से पर्यावरण संरक्षण की मांग को अनदेखा करके विकसित देश गरीब मुल्कों की मदद के लिये आगे नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते हाल-फिलहाल में इस संकट का तार्किक समाधान निकलता नजर नहीं आ रहा है।

वैसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन की यह टिप्पणी कुछ राहत देती है कि यह वैश्विक तापमान वृद्धि अस्थायी है,लेकिन संगठन इसके बावजूद चेतावनी देता है कि पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग एक हकीकत बन चुकी है। साथ ही यह भी एक हकीकत है कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में हुए सम्मेलनों में किये गये वायदों का सम्मान करने के लिये विकसित राष्ट्र अपने दायित्वों से विमुख बने हुए हैं। निश्चित रूप से जब तक विकसित देश तापमान नियंत्रण की दिशा में ईमानदार पहल नहीं करते पूरी दुनिया एक भयावह आपदा की दिशा में अग्रसर ही रहेगी। आज के हालात में यह जरूरी हो गया है कि जीवाश्म ईंधन के विकल्प तुरंत तलाशे जायें। अब चाहे हरित ऊर्जा का क्रियान्वयन युद्ध स्तर पर करने की जरूरत हो या फिर गरीब मुल्कों में संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा और पुनर्वास की तैयारी हो, बिना अमीर मुल्कों की आर्थिक मदद के स्थिति में कोई सुधार संभव नहीं होगा। यह न्यायसंगत होगा कि पिछली शताब्दी में विकसित देशों की औद्योगीकरण की प्रक्रियाओं के दौरान कार्बन उत्सर्जन के कारण विकासशील देशों को हुए नुकसान की भरपाई विकसित देश ईमानदारी से करें।

उल्लेखनीय है कि गरीब मुल्कों के लिये अरबों डॉलर के जिस जलवायु वित्त का वायदा अमीर मुल्कों ने किया था, उसे निभाने का अब वक्त आ चुका है। इस धरती को जीने लायक बनाने के लिये यह एक अपरिहार्य शर्त है। आज पूरी दुनिया में उन लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान करने की जरूरत है जिनको मौसम का चरम नुकसान पहुंचा सकता है। विकसित देशों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करना होगा। अब चाहे अमेरिका हो या यूरोपीय देश, सभी मौसम की तल्खी के घातक परिणामों से दो-चार हैं। गरीब मुल्कों का संकट बड़ा है। उनके पास लोगों के पुनर्वास व संरक्षण के लिये पर्याप्त पूंजी का भी अभाव है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## पाटीदार समाज का 56 वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ



शाजापुर ! पाटीदार समाज सामूहिक विवाह समिति दुवारा 21 मई 2023 वार रविवार को पाटीदार समाज का 56 वॉ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में पाटीदार समाज के 18 जोड़ो ने दांपत्य जीवन मे प्रवेश किया । पाटीदार समाज ट्र्स्ट सह सचिव श्री उमेश पाटीदार बंटी ने बताया कि समाज के इस सामूहिक विवाह आयोजन में समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को घरेलू बर्तन, सोने का मंगलसूत्र व चांदी के जेवर उपहार स्वरूप प्रदान किये गये ।इसी तारतम्य में पाटीदार हार्डवेयर की तरफ से रामकृष्ण जी पाटीदार द्वारा घड़ी प्रत्येक जोड़े को उपहार में दी गई । उक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन पाटीदार समाज छात्रावास् दुपाड़ा रोड शाजापुर पर डॉ राजकुमार पाटीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उक्त सम्मेलन में आसपास के तीन जिलों से लोग सम्मलित हुये । पाटीदार समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा सन 1993 से लेकर आज तक 5477 जोड़ो का विवाह करवाया जा चुका है समाज जन इस समाज की व्रहद ÷समाज जोड़ो फिजूल खर्चे छोड़ो योजना ÷में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है।

## नगर स्वच्छ बनाने जगह-जगह रखे कचरा घरों को हटाकर होता जा रहा अवैध अतिक्रमण

दमोह। दमोह नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका के प्रयास तो जारी रहते है दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित स्लोगन भी दिखाई देते है पर धरातल पर ये कम ही नही दिखाई देते है अधिकांश जगह अस्थाई अतिक्रमण,पार्किंग सुविधा न होना, कचरे व गंदगी के कारण अव्यवस्थाएं व्याप्त रहती है। केंद्रीय विद्यालय मार्ग पर इन दिनों सड़क किनारे टपरो और छोटी दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही है यहां तक कि नगर पालिका द्वारा लगाई गई कचरा पेटी ही गायब होने लगी है जिससे वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और गंदगी सड़क पर फैली रहती है पर आश्चर्य यह है कि जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं गया जबकि नपा के कचरा इकट्ठा करने वाले वाहन प्रतिदिन यहां से गुजरते है।पहले इस मार्ग पर नपा द्वारा वार्ड वासियों की सहूलियत के लिए तीन डिब्बे लगाए गए थे परंतु टपरा या दुकान के लिए जगह तैयार करने के लिए धीरे धीरे ये कचरा पेटी गायब होती जा रही है पहले जिस सड़क मार्ग के किनारे किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं था अब वहां दुकानें और टपरे दिखाई दे रहे है और जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे है।

## करीब दो लाख लोगों को रोजगार भी मिलेगा



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए प्रधानमंत्री जी का माना आभार। लाडली बहना महासम्मेलन में धार जिलों की बहने बड़ी संख्या में शामिल हुई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के गंधवानी में लाडली बहना महासम्मेलन के पश्चात पेसा एक्ट के अंतर्गत समितियों के सदस्यों से बातचीत की। धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढा, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, युवा आयोग अध्यक्ष निशांत खरे, मनोज सोमानी,जिला योजना समिति सदस्य श्री जयदीप पटेल, इंदौर संभाग कमिश्नर डॉक्टर पवन कुमार शर्मा, आईजी श्री राकेश गुप्ता कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, डीआईजी श्री चंद्रशेखर सिंह सोलंकी, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर, पूर्व विधायक श्री करण सिंह पवार, पूर्व विधायक श्री वेलसिंह भूरिया, पूर्व विधायक कालूसिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी उपस्थित रहे।

## दद्दाजी की पुण्यतिथि पर शिष्य मंडल ने किया नमन

खजुराहो। पं. देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की पुण्यतिथि पर उनके शिष्य मंडल ने उन्हें नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। दद्दाजी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पं. सुधीर शर्मा ने दद्दाजी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि दद्दाजी ने गृहस्थ रहते हुए लोगों को अध्यात्म से जुड़े रहने का मार्ग दिखाया है। कार्यक्रम में प्रेम चैतन्य, राजेंद्र सिंह, चाली राजा गोरा, श्रीमती दीपिका जोशी कोटा, श्रीमती मीना, श्री मतंगेश्वर सेवा समिति से कार्तिक शिवहरे, लड्डू रैकवार, हेमंत कारपेंटर, ओंकार सिंह परमार, महेंद्र अहिरवार, परिवर्तन एनजीओ से वीरू सीगोट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचाएं: राकेश

### जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिया





बरेली 7 भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम आयोजित बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में शामिल हुए मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा संपूर्ण प्रदेश सहित रायसेन जिले में वृहद अभियान का चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 30 मई से 30 जून तक लोकसभा केन्द्रों, मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचायी जाएगी उन्होंने कहा की अभियान में व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी संपर्क, समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क, प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जायेगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर 30 मई से 30 जून भाजपा संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम सभी मंडल, शक्ति केन्द्र एवं बूथ पर आयोजित किये जायेगे 1 माह के अभियान के अंतर्गत केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा 9 वर्षों के कार्यकाल में की गई तमाम उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाना है और प्रदेश सरकार की तमाम उपलब्धियों को भी हमें जनता के बीच बताने की आवश्यकता है और कार्यकर्ताओं से आवाहन किया चारों विधानसभा में मेहनत और लगन के साथ सभी कार्यकर्ता कार्य करें और संकल्प लें कि चारो विधानसभा में विजय हासिल करेंगे इस अवसर पर रायसेन संगठन के प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने जी संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की यह महत्वपूर्ण बैठक आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से मील का पत्थर साबित होगी। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत अबकी बार 200 पार के नारे को चरितार्थ करेंगे। इस अवसर पर भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शिवाजी पटेल, महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, जनसंपर्क अभियान के प्रभारी राकेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा,विजय पटेल,कमल राज्यपाल,नरेश सिंह कुशवाह, किशोर रमानी, राजेन्द्र अग्रवाल, रविन्द्र विजयवर्गीय,बलराम मालवीय, जिला उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका/ नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, समस्त जिला मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक/सहसंयोजक, मंडल की 4 सदस्य टोली के सदस्य, चारों विधानसभाओं के विस्तारक, जिले के प्रकोष्ठों के संयोजक, विधानसभा संयोजक आदि उपस्थित रहें। युक्त जानकारी जिला सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी ने दी 7

## 2003 के पूर्व कांग्रेस के राज में बीमारू राज्य था मप्र: वीडी शर्मा



शहडोल । जिले मे रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का प्रथम आगमन हुआ इस अवसर पर मानस भवन शहडोल में भारतीय जनता पार्टी ने ज़िला कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया जो प्रदेश अध्यक्ष व्ही.डी.शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम कन्या पूजन करते हुए पितृ पुरूषों एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर शुभारंभ किया गया।उक्त बैठक का स्वागत उद्बोधन कमल प्रताप सिंह ने करते हुए कहाँ कि प्रदेश अध्यक्ष व्ही.डी.शर्मा के आगमन से कार्यकर्ताओं में नया जोश एवं उत्साह देखने को मिला उनके मार्गदर्शन के लिए जिले भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं, मैं अपने सभी कार्यकर्ता बंधुओं एवं मातृशक्तियों का हृदय से अभिनंदन करता हूँ जो इतनी कड़ी धूप और गर्मी में भी प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन लेने आए हैं।तो वही प्रदेश अध्यक्ष श्री व्ही.डी.शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है, भाजपा की जीत का असली हकदार हमारे सबसे अंतिम पायदान का कार्यकर्ता हैं, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक इनकी जीत सिर्फ और सिर्फ हमारे जमीनी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथो लेते हुए कहाँ की 2003 के पहले किस तरह कांग्रेस ने प्रदेश का बंटाधार किया बीच में उन्हें 15 महीने की सरकार चलाने का मौका मिला तो उन्होंने बीजेपी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं को बंद कर दिया और सिर्फ झूठ फैलाया है भाजपा की सरकार ने देश को मजबूती प्रदान की है, लोगों को सम्मान दिया है। वैश्विक पटल पर आज भारत से आंख मिलाने का दुस्साहस करना संभव नहीं है।

## 22 ग्राम स्मैक और 15 पेटी शराब जप्त






शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में पुलिस को अलग अलग स्मैक एवं अवैध शराब के विरुद्ध सफलता प्राप्त हुई है। करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि भितरवार तरफ से बीरेन्द्र रावत स्मैक खरीदकर करही तरफ बिक्री करने हेतु ला रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु चैकिंग लगायी तो एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखा भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोका पुलिस द्वारा उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम बीरेन्द्र रावत पुत्र गुलाबसिंह रावत उम्र 44 बर्ष नि. करही का होना बताया जिसके कब्जे से 22 ग्राम स्मैक कीमती करीवन 380000 रूपये , एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा तथा 500 रूपये नगद एवं एक हीरो स्पेलेन्डर मो.सा. बरामद की गयी कुल कीमती 4.5 लाख रूपये का माल बरामद किया गया , आरोपी के विरूध्द धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध क्र.297/23 पंजीबध्द किया गया , आरोपी से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

वहीं पिछोर पुलिस द्वारा शराब माफियाओं पर रात मे दविश देकर दो आरोपियों के कब्जे से कुल 15 पेटी अवैध देशी शराब कीमत करीबन 60000 की रूपये जप्त कर दोनो आरोपियों के विरुद्ध प्रथक प्रथक अपराध क्रमांक 251/23 , 252/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किये गये। आरोपीगणो को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।

## ढोर बाजार टंकी के पास चाकू डंडे से मारपीट करने वाला आरोपी चंद घण्टो मे गिरफ्तार



दमोह कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक से ढोर बाजार टंकी के पास चाकू एवं डंडे से मारपीट कर घायल करने बाला आरोपी गिरफ्तार घटना का संक्षिप्त विवरण पुलिस अधीक्षक दमोह राकेश सिंह द्वारा शहर मे घटित हो रहे अपराधों के नियंत्रण हेतु सतत निगरानी रखने एवं आरोपीगणों की धरपकड़ कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह दमोह नगर पुलिस अधीक्षक दमोह भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत के द्वारा दिनाँक 20.05.23 को ढोर बाजार टंकी के पास चाकू डंडे से मारपीट करने की घटना की सूचना पर थाना कोतवाली में आरोपीगण 1. राजकुमार जाटव उर्फ बचकुल कबाडी पिता स्व. पन्नालाल कबाड़ी उम्र 40 वर्ष निवासी मोरगंज गल्ला मंडी दमोह 2. राजेश कबाडी 3. सिद्धू जैन 4. अभिषेक अहिरवार के विरूद्ध अपराध क्र. 429/23 धारा 341,294,323,324,506,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल कार्यवाही करते हुये चंद घण्टो मे घटना के मुख्य आरोपी राजकुमार जाटव उर्फ बचकुल कबाड़ी पिता स्व. पन्नालाल कबाडी उम्र 40 वर्ष निवासी मोरगंज गल्ला मंडी दमोह को पकड़कर कार्यवाही की गई। एवं अन्य आरोपियो की तलाश जारी है जल्द की पकड़कर कार्यवाही की जावेगी। आरोपी राजकुमार जाटव उर्फ बचकुल कबाडी पिता स्व. पन्नालाल कबाड़ी के विरूद्ध थाना कोतवाली में पूर्व से मारपीट एवं अवैध हथियार रखने संबंधी कई अपराध पंजीबद्ध है। नाम पता आरोपी - 1. बचकुल कबाडी 2. राजेश कबाडी 3. सिद्धू जैन 4. अभिषेक अहिरवार

## सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के विरुद्ध नगर में दिन रात बज रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों से परेशान लोग

बड़ामलहरा। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के विरुद्ध नगर में दिन रात बज रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के कारण इन दिनों नगर के लोग खासे परेशान है। सर्वाधिक परेशानी मरीजों को हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इन यंत्रों का प्रयोग करने वाले लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। रात्रि के समय तो इन यंत्रों की तेज ध्वनि के कारण लोगों को खासी परेशानी हो रही है। मकानों के आसपास ही संचालित मैरिज हाउसों में धड़ल्ले से डीजे बजाए जा रहे हैं।

सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रकुमार जैन ने प्रशासन और मीडिया का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुये सोशल मीडिया पर लिखा है कि आए दिन विवाह शादी-समारोह में डीजे जब चाहे कितनी ही तेज आवाज में बजाए जाते हैं, जिससे अच्छी खासी नींद खराब हो जाती है तथा हृदय रोगियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए एक निश्चित सीमा में डीजे बजना चाहिए। वही जितेंद्र कुमार जैन ने भी आपत्ति जाहिर की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दिन के वक्त 50 से 75 डेसिबल जबकि रात्रि के वक्त 40 से 70 डेसिबल की आवाज में सक्षम अधिकारी की अनुमति से डीजे बजाने की ध्वनि निर्धारित है,

### इनका कहना

डीजे की तेज ध्वनि से जो लोग परेशान हों, वे सीधे पुलिस थाना या चौकी में शिकायत कर सकते हैं। जब पुलिस कार्यवाही न करे तो मुझे बतायें।

प्रशांत अग्रवाल, एसडीएम, बडामलहरा

## बलारपुर मंदिर मामला्वनविभाग हाशिये पर
## अब दर्शन भी होगे,यज्ञ भी होगा,मामला भी वापिस लिया जाएगा

शिवपुरी - जिले के बलारपुर मंदिर प्रबंधन और पार्क प्रबंधन के बीच चल रहे घमासान के बीच रविवार को हंगामे के बाद नतीज़ा निकला कि मंदिर में भक्तों के लिए दर्शन से लेकर सभी तरह के धार्मिक आयोजन यथावत रहेंगे। कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठ?क के बाद जिले का वन महकमा बैकफुट पर आ गया है। बैठक में कलेक्टर,एसपी,क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री यशोधराराजे सिंधिया की ओर से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा के अलावा कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी व मंदिर के महंत सहित मंदिर से जुड़े भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

जानकारी के अनुसार बीते दो दिन पहले मंदिर पर 24 मई से होने जा रहे शतचंडी महायज्ञ के आयोजन से पूर्व ही माधव राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन एवं मंदिर के श्रद्धालुओं और महंत यह बीच विवाद उस समय खड़ा हो गया जब शुक्रवार को यज्ञ बेदी बनाने बलारपुर मंदिर जा रहे एक ट्रक को रोकने को लेकर मंदिर प्रबंधन और माधव नेशलन पार्क प्रबंधन आमने सामने आ गए थे। जहां वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों ने महंत के साथ बर्बतापूर्ण तरीके से लाठियों से मारपीट कर दी थी। उसके बाद इस मामले में वनविभाग ने महंत सहित उनके साथियों पर मामला भी दर्ज कर लिया था।इसी बीच फॉरेस्ट की महिला रेंजर द्वारा मंदिर के महंत की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिससे जिले भर के भक्तों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते सैंकड़ों की संख्या में माता भक्त द्वार के बाहर अनशन पर बैठ गए। किंतु मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश की खेलमंत्री यशोधराराजे सिंधिया ने तत्काल प्रशासन को सखूत निर्देश देते हुए कहा कि जनआस्थाओं के अनुरूप निर्णय लें। इसके बाद अनशन कर रहे लोगों को प्रशासन द्वारा समझा बुझाकर जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में लाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के साथ उनकी गाड़ी से आए मंदिर के महंत बाबा प्रयाग भारती मंदिर के भक्तों के साथ मीटिंग कक्ष में गए। उनके यहाँ पहुँचते ही कलेक्ट्रेट कार्यालय बलारी मैया के गगन भेदी नारों से गूंज गया।बैठक में मंत्री सिंधिया की ओर से संदेश देते हुए नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा ने स्पष्ट लहजे में कहा कि माननीय मंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि मंदिर के श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा।इसके बाद प्रशासन ने मंदिर भक्तों की लगभग सभी मांगों को मानते हुए विवाद का पटाक्षेप कर दिया।

# कांग्रेस ने जनता के साथ छलावा किया, भाजपा ने विकसित भारत खड़ा किया: इंदरसिंह

### भारतीय जनता पार्टी शाजापुर जिले की बैठक संपन्न, महाजनसंपर्क अभियान को लेकर बनाई गई कार्य योजना

शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की 9 वर्ष को पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक चलाए जाने वाले महा जनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर पार्टी की जिला इकाई की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक माह तक भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक में मुख्य अतिथि मप्र स्कूली शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन विभाग मंत्री इंदरसिंह परमार ने संबोधित करते हुए कहा की 2014 के पहले के भारत की बात की जाए तो भ्रष्टाचार और देश में अराजकता का माहोल था। दूर दूर तक देखने पर भी विकास के कार्य नहीं दिखते थे, लेकिन देश को जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले है देश के कोने कोने में विकास कार्य हो रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश का आम नागरिक लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा की 15 माह की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर चुके कमलनाथ ने अपने चुनावी घोषणापत्र पर एक भी जनता के साथ वादा पूरा नहीं किया 2018 में बनाई गई थी सरकार कि किसानों के कर्जे हम दो लाख के माफ करेंगे ,बेरोजगारों को रोजगार भत्ता देंगे एक भी वादा पूरा नहीं किया अब प्रदेश में सत्ता के लिए लालायित हो रहे कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना के माध्यम से फार्म भरा कर झूठ बोलने का काम कर रहे हैं जो कि 1500 देंगे,500 में गैस सिलेंडर देंगे यह घोषणाएं झूठी है। यह राजनीतिक का षड्यंत्र रचा कर तुष्टीकरण की नीति कर रहे है। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की महिलाओं के लिए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्तिकरण की मजबूती के लिए लाडली बहना योजना को प्रारंभ किया है। शाजापुर जिले से महिलाओं ने फार्म भरे हैं जिसका लाभ शीघ्र ही जून में मिल जाएगा ?1000 की राशि उनके खाते में सीधी आएगी। हमारी सरकार महिला, किसान, युवा, एवं आम जन हितेषी सरकार है जो सब के विकास के लिए सोचती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आव्हान किया के मिशन 2023 विधानसभा चुनाव का समय मोड़ पर खड़ा है हम सब कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने बूथ को मजबूती देते हुए भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने के लिए जनता के बीच पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित करें और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर अपनी ताकत को मजबूती देते हुए भाजपा को मजबूत करें। और कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ जनता के सामने उजागर करें।

क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि 30 मई से चलाए जाने वाले महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता केंद्र सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास झूठ बोलने के सिवाय कोई नीति नहीं है और झूठ की राजनीति करती है। उन्होंने कहा की आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन हो रहा है इसके पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व है। आज दूसरे देशों के मंच पर भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान किया जा रहा है। देश के लिए यह बड़े गौरव की बात है। महिलाएं इस बात के लिए समझदार हैं कि हमारी चिंता कौन सरकार कर सकती है और नारी शक्ति योजना भी महिलाओं के साथ झूठ बोल कर उनको भ्रमित कर रही है। सांसद सोलंकी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि महा जनसंपर्क अभियान को सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बनाकर योजनाओं को जनता तक ले जाएं। उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव का समय कुछ समय ही शेष बचे हैं जिले की तीनों विधानसभाओं पर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिले इसके लिए कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर महा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाएं।





भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले के सभी मंडलों के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की विशेष उपलब्धियों को लेकर जनता तक पहुंचेंगे और उनका प्रचार-प्रसार भी करेंगे वहीं प्रदेश सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के सामने रखेंगे जिसकी तैयारियों को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि इस महा अभियान में सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ सभी जनप्रतिनिधि जिला एवं मंडल इकाइयों के पदाधिकारी स्थानीय समितियों के कार्यकर्ताओं की विशेष जिम्मेदारी है कि की इस अभियान को सर्वव्यापी बनाने के लिए एकजुट होकर इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिले के प्रभारी जगदीश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा की भाजपा की डबल इंजिन की सरकार ने केंद्र और प्रदेश में विकास के अनेको कार्य किए है और इन्ही विकास कार्य को लेकर हमे इस अभियान में जनता के बीच पहुंचना है। बैठक में जिला महामंत्री एवं महाजनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक विजय बैंस ने केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूरे होने पर केंद्र द्वारा आए 30 मई से 30 जून तक के महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंबाराम कराड़ा, जसवंतसिंह हाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, पूर्व विधायक अरुण भीमावद, बाबूलाल वर्मा, फूलसिंह मेवाडा, पुरषोत्तम चंद्रवंशी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राजपूत, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता परमार, महाजनसंपर्क अभियान के जिला सह संयोजक विजय जोशी, शाजापुर विधानसभा विस्तारक गौरव तोमर भी मंचासीन थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष बराड़ा ने किया तथा आभार जिला महामंत्री दिनेश शर्मा ने माना। इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ओप्पो इंडिया और टी-एसआईजी का संगारेड्डी जिले में प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए हुआ गठबंधन

नई दिल्ली, एजेंसी। अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाइस ब्रांड, ओप्पो ने टी-एसआईजी (तेलंगाना सोशल इ पैक्ट ग्रुप) के साथ अपने गठबंधन की घोषणा की है। यह साझेदारी उड़ान परियोजना के लिए की गई है, जिसका उद्देश्य तेलंगाना के संगारेड्डी जिले, हैदराबाद में ओडिया प्रवासी मजदूरों के जीवन में परिवर्तन लाना है। उड़ान द्वारा इन मजदूरों के स्वास्थ्य, पोषण, बच्चों की शिक्षा, भत्ता, और जीवन की परिस्थितियों सहित उनका जीवनस्तर सुधारकर उन्हें समर्थ बनाया जाता है। इस पहल के स्पॉन्सर के रूप में, ओप्पो, टी-एसआईजी और एड एट एक्शन (एनजीओ) के साथ उन 2500 से अधिक प्रवासी मजदूरों और 400 बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा, जो पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा, जो अक्टूबर, 2023 से मार्च, 2024 के बीच छः महीने तक संगारेड्डी जिले में रहेंगे। इन मजदूरों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ओप्पो और टी-एसआईजी विभिन्न स्तरों पर तालमेल में काम करेंगे। इस परियोजना में ईंट भट्टियों के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए सर्वे किए जाएंगे और मजदूरों की विशेष जरूरतों की पहचान की जाएगी। उड़ान परियोजना में सात सरकारी विभाग मिलकर काम करेंगे, जिनमें जिला कलेक्टोरेट, श्रम विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग और संगारेड्डी जिला पुलिस शामिल हैं। वो मिलकर इन प्रयासों और पहलों का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया का निर्देशन टी-एसआईजी द्वारा श्री जयेश रंजन, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग, वाणिज्य, आई एवं टी विभाग, तेलंगाना सरकार के मार्गदर्शन किया जाएगा। इस साझेदारी के बारे में तसलीम आरिफ, वीपी एवं आरएंडडी हेड, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''हमें संगारेड्डी जिले में उड़ान प्रवासी मजदूर परियोजना में सहयोग करने के लिए टी-एसआईजी के साथ गठबंधन करने की खुशी है।

## हम रहें ना रहें हम में सुरीली का रोल निभा रहीं टीना दत्ता ने एक सीक्वेंस में दी अपनी आवाज

मुंबई एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के भव्य शो हम रहें ना रहें हम ने अपने रॉयल ड्रामा और बेमिसाल किरदारों के साथ दर्शकों में दिलचस्पी जगा दी है। शाही बारोट खानदान के राजकुमार होने के बावजूद शिवेंद्र बारोट (जय भानुशाली) खुशमिजाज सुरीली (टीना दत्ता) से प्यार कर बैठता है, जो शाही ज़िंदगी के तौर तरीकों के बारे में कुछ नहीं जानती। दोनों जब एक दूसरे के साथ होते हैं तो वे खुलकर जी सकते हैं। दर्शकों ने देखा कि सुरीली शिवेंद्र से अपने उस दर्दनाक अतीत के बारे में बताती है, जहां एक कार एक्सीडेंट में उस वक्त उसके मां-बाप की मौत हो गई थी, जब सुरीली का गाना सुनते हुए उनका ध्यान बंट गया था। सुरीली का प्यार करने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन फिर भी वो शिवेंद्र की ओर आकर्षित होती है। जब शिवेंद्र पर हमला होता है तो उसे खो देने के खयाल से सुरीली को एहसास होता है कि शिवेंद्र उसके लिए कितना जरूरी है। शिवेंद्र को एक गंभीर चोट लगने के बाद उसे जगाए रखने के लिए सुरीली हिम्मत जुटाकर उसके लिए गाना गाती है, ताकि वो उसे बचा सके। टीना दत्ता ने बताया कि इस सीन को विश्वसनीय बनाने के लिए उन्होंने इसमें अपनी आवाज दी और इस सारी प्रक्रिया को काफी एंजॉय किया। टीना कहती हैं, मेरे लिए यह बड़ा चैलेंजिंग काम था, क्योंकि एक तरफ मुझे मदद के लिए पुकार लगानी थी और दूसरी ओर शिवेंद्र की हालत को लेकर चिंता भी जतानी थी। उसे जगाए रखने का एक ही तरीका था कि मैं उसके लिए गाना गाती रहूं। अपनी सिंगिंग में तीन से चार अलग-अलग इमोशंस शामिल करना वाकई बड़ा चुनौती भरा पहलू था। हालांकि एक एक्ट्रेस के तौर पर यह काफी दिलचस्प भी था। टीना बताती हैं कि वो खुद एक म्यूज़िक लवर हैं। उन्होंने कहा, संगीत में एक शक्ति होती है। जहां एक हल्की-फुल्की धुन आपको खुश कर देती है, वहीं एक उदास धुन आपके अंदर दर्द जगाती हैं। मुझे म्यूज़िक सुनना बहुत पसंद है, इससे मेरा हौसला बढ़ता है।

## स्काई गोल्ड लिमिटेड वित्त वर्ष 23 में नई ऊंचाइयों पर पहुंची, 1000 करोड़ की आय का सीमाचिन्ह पार किया

मुंबई,एजेंसी। मुंबई की एक प्रमुख ज्वेलरी कंपनी,स्काई गोल्ड लिमिटेड( बीएसई कोड- 541967) ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। इस अवसर पर बोलते हुए स्काई गोल्ड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, श्री मंगेश चौहान ने कहा,÷यह वर्ष हमारी कंपनी के इतिहास में स्पष्ट रूप से सर्वाधिक अलौकिक रहा है क्योंकि हमने टर्नओवर में 1000 करोड़ का विशिष्ट सीमाचिन्ह पार किया है। यह असाधारण पल है, जो हमारे ग्राहकों का हमारे कार्य में अटूट विश्वास दर्शाता है। हमारा इस विकास यात्रा के लगातार जारी रहने में दृढ़ विश्वास है क्योंकि हम अथक रूप से नई डिजाइन तैयार करने पर फोकस है और हम लगातार हमारेसम्मानित ग्राहकों की बढ़ती जरूरत पूरी कर रहे हैं। उत्कृष्टता का हमारा वादा अटल बना हुआ है और भविष्य में और ज्यादा सफलता हासिल करने की हमारी क्षमता में हमारा विश्वास बना हुआ है।

## मित्सु केम की वित्त वर्ष 23 की कुल आय 19फीसदी बढ़ी

मुंबई, ब्लो मोल्डिंग,इंजेक्शन मोल्डिंग और कस्टमाइज मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता,मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (बीएसई- 540078),ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है7 प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए,मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेडके चेयरमैन, श्री जगदीश डेढ़िया ने कहा, ÷हम रिपोर्ट देते हुए रोमांचित है कि उच्च लागत के बावजूदहमने वित्त वर्ष 23 में आय में वृद्धि हासिल की है तथा लाभप्रदता बरकरार रखी है 7 हम समझते हैं कि रॉ मटेरियल का भाव प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है 7लेकिन हम हमारी लाभप्रदता में और सुधार करने के लिए ह लागत को न्यूनतम करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं 7 सौभाग्य से हमने तीसरी तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही के दौरान रॉ मटेरियल की कीमतों में कुछ सुधार देखा है और हमें विश्वास है कि यह रुझान वित्त वर्ष 24 में जारी रहेगा 7 इससे हमें आगामी वर्ष के लिए सकारात्मक आउटलुक प्राप्त हुआ है और हमग्रोथ के परिपेक्ष्य से वित्त वर्ष 24 के अच्छा वर्ष रहने की उम्मीद करते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी आय में वृद्धि के साथ लाभप्रदता को निरंतर बरकरार रखने के लिए हम विभिन्न लागत को काम करने के कदम उठा रहे हैं 7इसके अलावा हम ऐसे बाजार ट्रेंड और घटकों पर करीबी निगरानी रख रहे हैं, जो भविष्य में मांग को प्रभावित कर सकती है 7 हमारा मानना है कि उचित व्यूहनीति और आकस्मिक योजनाएं लागू करने के साथहम किसी भी संभावित जोखिम को समाप्त कर सकते हैं और एक कंपनी के रूप में निरंतर बने रह सकते हैं।

## नोकिया 105 (2023) और नोकिया 106 4जी हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। नोकिया फोन बनाने वाली कंपनी, एचएमडी ग्लोबल ने अपने बाजार-अग्रणी फीचर फोन पोर्टफोलियो को बढ़ाते हुए आज नए नोकिया 105 2023 और नोकिया 106 लॉन्च किए। यूपीआई की सुविधा और पहुंच के साथ इन नोकिया फोन्स की भरोसेमंद विश्वसनीयता, उपयोगकर्ताओं को स्मार्टफोन के बिना भी सुरक्षित और निर्बाध रूप से डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम बनाती है।

# सीएसआईआर एंपरी द्वारा सेलिब्रेशन ऑफ वन वीक वन लेब कार्यक्रम एंपरी के डायरेक्टर के निर्देशन में संपन्न

सीएसआईआर एंपरी द्वारा सेलिब्रेशन ऑफ वन वीक वन लेब कार्यक्रम एंपरी के डायरेक्टर डॉ अवनीश श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 से 18 मई 2023 को एंपरी कैंपस भोपाल में संपन्न हुआ इसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के गवर्नर महामहिम मंगू भाई पटेल जी ने किया इसमें सभी इंडस्ट्री पार्टनर्स ने भी हिस्सा लिया और अपने कार्यों का एग्जिबिशन के माध्यम से प्रदर्शन किया इसमें जे टी इवेंट्स भोपाल (जनता टेंट एंड इवेंट्स) ने भी भाग लिया और अपने द्वारा कोरोना के दौरान बनाए गए मेकशिफ्ट हॉस्पिटल्स का डेमोंस्ट्रेशन किया यह टी ओ टी भारत में सिर्फ एक ही कंपनी ( जे टी इवेंट्स भोपाल) को दी गई है कंपनी के निदेशक नरेंद्र सिंह जग्गी ने मंच पर अपने अनुभवों को साझा किया की कैसे उन्हें ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टी ओ टी) प्राप्त होने के पश्चात पूरे हिंदुस्तान के अलग-अलग राज्यों से टेक्नोलॉजी की जानकारी के लिए कॉल




आते थे और करोना के दौरान कभी स्थल पर जाकर तो कभी जूम पर वे उनका समाधान करते थे और विश्व की अलग-अलग आपदाओं (बेरुत, तुर्की, जोशीमठ एवं अन्य स्थलों की) में सीएसआईआर एंपरी और सीबीआरआई रुड़की द्वारा भी सामान पहुंचाने एवं उस में सहयोग करने का कार्य करते थे भोपाल में जेपी हॉस्पिटल में 7 दिन में, देवास में 10 दिन में एवं नंदुरबार महाराष्ट्र में 30 दिन में हॉस्पिटल बनाने का कार्य किया जो कि बिल एंड मेलिंडा फाउंडेशन के द्वारा प्रायोजित था इन हॉस्पिटल्स की लाइफ लगभग लगभग 30 साल की होती है .. आरजीपीवी के वाइस चांसलर प्रोफेसर सुनील कुमार गुप्ता, एंपरी के डायरेक्टर डॉक्टर अबनीश श्रीवास्तव, मैप कॉस्ट के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल कोठारी एवं एंपरी के डॉक्टर जेपी शुक्ला द्वारा नरेंद्र सिंह जग्गी का मोमेंटो के द्वारा सम्मान किया गया।

# विशेषज्ञों की राय: 2000 रुपये के नोट वापसी का न जीडीपी पर असर होगा, न आम जनता पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2000 के नोट वापसी का न तो जीडीपी पर असर पड़ेगा और न ही आम लोगों पर। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने शनिवार को कहा कि पिछले पांच-छह वर्षों में डिजिटल भुगतान बढ़ने की वजह 2000 का नोट वापस लेने से कुल प्रचलित मुद्रा पर कोई खास असर नहीं आएगा। इसलिए इसका मौद्रिक नीति पर भी कोई प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, न तो यह भारत की आर्थिक और वित्तीय प्रणाली पर कोई असर डालेगा और न ही सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि या जनकल्याण पर कोई प्रभाव पड़ने वाला है।

नोटबंदी के बाद जब फिर से मुद्रा की छपाई हो रही थी, उस समय गर्ग आर्थिक मामलों के सचिव थे और सिक्का और मुद्रा प्रभाग के प्रभारी थे। उनका कहना है कि सरकार ने संभवतः तात्कालिक जरूरतों को देखते हुए ही 2000 रुपये के नोट छापने का फैसला किया था। बाद में चरणबद्ध तरीके से इसे घटाने का फैसला कर लिया गया था। जुलाई-अगस्त 2017 में 2000 के प्रचलन में रहने नोटों का कुल मूल्य 7 लाख करोड़ था।

**छोटी मुद्रा से हो जाएगी भरपाई...**- अर्थव्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि जितने नोट वापस आएंगे, उनके एवज में छोटे नोट बाजार में आ जाएंगे या फिर इतनी रकम बैंक खातों में जमा हो जाएगी। यह कदम उठाने की सबसे बड़ी वजह अवैध लेन-देन पर शिकंजा कसना है। **-अरविंद पनगढ़िया, पूर्व उपाध्यक्ष, नीति आयोग**

### आम लोग नहीं करते इन नोटों का ज्यादा इस्तेमाल

**लंदन।** पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा कि 2000 के नोट आम लोगों के सामान्य लेन-देन में बहुत ज्यादा इस्तेमाल नहीं होते थे। इन नोटों का कुल मूल्य प्रचलित मुद्रा का 10 फीसदी ही था। इसलिए इसका आम लोगों पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर कुल मुद्रा के संदर्भ में बात करें तो अगले तीन सालों में कुल लेन-देन में डिजिटल लेन-देन की हिस्सेदारी बढ़कर 65 फीसदी तक पहुंच जाएगी।

**आर्थिक विकास पर क्या असर होगा** – एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स समूह में मुख्य अर्थशास्त्री रूपा रेगे नित्सुरे के मुताबिक, ताजा कदम से आर्थिक विकास पर व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा, क्योंकि छोटे नोट पर्याप्त मात्रा में हैं। 6-7 सालों में डिजिटल लेन-देन बढ़ने की वजह से किसी तरह की मुश्किल होने की गुंजाइश नहीं है। क्वांट इको रिसर्च की अर्थशास्त्री युविका सिंघल का मानना है, कृषि और निर्माण जैसे छोटे व्यवसायों और उन क्षेत्रों में असुविधा हो सकती है, जिनमें ज्यादातर नकदी का इस्तेमाल किया जाता है।

### अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा प्रभाव, आरबीआई के फैसले पर नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष की प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार ने शुक्रवार शाम को दो हजार रुपये के नोट के चलन को बंद करने का फैसला लेकर एक बार फिर सभी को चौंकी दिया है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

पनगड़िया ने कहा कि दो हजार के नोट वापस मांगने के आरबीआई के फैसले से अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान



पर उसी कीमत में कम मूल्यवर्ग के नोट जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम के पीछे का उद्देश्य अवैध धन की आवाजाही को मुश्किल बनाना है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा- इस फैसले का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं देखेगा। दो हजार के नोट को बराबर कीमत में कम मूल्यवर्ग के नोटों से बदल दिया जाएगा या जमा कर दिया जाएगा। पनगड़िया ने कहा कि दो हजार रुपये का नोट वर्तमान में जनता के हाथों में कुल नकदी का केवल 10.8 प्रतिशत हैं। इसमें से भी ज्यादातर राशि का उपयोग अवैध लेनदेन में होता है।

बता दें कि आरबीआई ने शुक्रवार को दो हजार के नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। इस नोट को बैंकों में 30 सितंबर तक बदला जा सकेगा।

## धूमधम से मना पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह का जन्म दिन



छिंदवाड़ा । पूर्व मंत्री चौधरी सिंह चंद्रभान सिंह के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा और उनके बड़े भाई चौधरी निरंजन सिंह और पुत्र चौधरी उत्कर्ष चौधरी ने उन्हें बधाई दी सुबह से ही उनके निवास में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा शाम को सम्मान समारोह वृंदावन लान में होगा



# भारत में बनेगी टेस्ला? कंपनी ने मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए सरकार से शुरू की बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भारत में अपना मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री के हवाले से एक समाचार एजेंसी की ओर से जानकारी दी गई है। ये खबर ऐसे समय पर आई है, जब भारत में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में इजाफा देखने को मिल रहा है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में बताया गया कि हाल ही टेस्ला के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से केंद्र सरकार से बातचीत की है, इसमें कंपनी के भारतीय बाजार में एंट्री करने को लेकर बातचीत की गई थी।



**किन मुद्दों पर हुई बातचीत?**- एलन मस्क ने नेतृत्व वाली कंपनी की ओर से भारतीय अधिकारियों से कई मद्दों को लेकर बातचीत की गई है, जिसमें कार बैटरी मैन्यूफैक्चरिंग और कार मैन्यूफैक्चरिंग जैसे मुद्दे शामिल हैं। बातचीत के बाद केंद्र सरकार में राज्य मंत्री राजीव चेंद्रशेखर की ओर से बताया गया कि वे भारत को प्रोडक्शन और इनोवेशन के बेस के रूप में काफी गंभीरता से देख रहे हैं। हमने उन्हें इशारा कर दिया है कि भारत सरकार उनके साथ मिलकर काम करने को तैयार है और उनकी कोशिश भारत में कंपनी के निवेश को सफल बनाने को लेकर है।


**क्यों टेस्ला के रुख में आया बदलाव?**- रॉयटर्स ने बताया कि टेस्ला के भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के लिए फैक्ट्री स्थापित करने से लेकर ईवी बैटरी बनाने के लिए बातचीत कर रहा है। बता दें, बीते साल तक टेस्ला भारत में कार आयात कर उन्हें बेचने पर कार्य कर रहा था, जिसको लेकर भारत सरकार द्वारा साफ कर दिया गया था कि अगर टेस्ला भारत मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करता है तब ही उसे सरकार से मदद मिलेगी।

## आईपीओ लिस्टिंग की समयसीमा घटाकर तीन दिन करने का प्रस्ताव, सेबी ने लोगों से मांगी राय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने आईपीओ के बंद होने के बाद शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग की समय सीमा मौजूदा छह दिन से घटाकर तीन दिन करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही इस प्रस्ताव पर लोगों से तीन जून तक राय मांगी है। लिस्टिंग और ट्रेडिंग की समयसीमा में कटौती से शेयर जारीकर्ता के साथ ही निवेशकों को भी लाभ होगा। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, जारीकर्ता को जल्द से पूंजी मिलेगी जिससे उसे व्यापार करने में आसानी होगी और निवेशकों को अपने निवेश की शुरुआती क्रेडिट का अवसर मिलेगा।

इधर, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि टेलीकॉम कंपनियों के सभी पुराने प्रतिस्पर्धी टैरिफ प्लान की कोई जांच नहीं की जा रही है। टैरिफ प्लान वेरिफिकेशन से जुड़े मुद्दे पर दूरसंचार नियामक ने कहा, शिकायतें मिलने पर प्रावधानों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## ईईपीसी: रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात अप्रैल में 11 गुना बढ़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अप्रैल में 11 गुना बढ़कर 13.36 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया जबकि अमेरिका और चीन के बाजारों में नरमी बरकरार रही। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अप्रैल 2022 में स्वतंत्र देशों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) को इंजीनियरिंग निर्यात 1.17 करोड़ डॉलर था। अप्रैल में अमेरिका को 1.4 अरब डालर की इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात किया गया। अप्रैल 2022 के 1.86 अरब डालर के निर्यात के मुकाबले इसमें 24.9 प्रतिशत की कमी रही। चीन को इंजीनियरिंग निर्यात अप्रैल 2023 में 15.5 प्रतिशत घटकर 18.33 करोड़ डालर रहा।

हालांकि, पिछले महीने ओमान को होने वाला निर्यात अप्रैल 2022 के मुकाबले दोगुना बढ़कर 15.39 करोड़ डालर पहुंच गया। भारत की इंजीनियरिंग वस्तुओं के लिए शीर्ष 25 देशों में से 15 को निर्यात में वार्षिक आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है। देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इंडोनेशिया और सिंगापुर की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए साईकिल रैली

## सातवां संयुक्त राष्ट्र सड़क सड़क सुरक्षा सप्ताह

**भोपाल।** सातवां संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सप्ताह विश्व भर में 15-21 मई 2023 को मनाया जा रहा है। इस वर्ष रोड सेफ्टी पर यू.एन. की थीम रीथिंक मोबिलिटी है। इसी तारतम्य में नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (ह्ष्टाूस्श्व), स्वैच्छिक संगठन कंज्यूमर वॉयस नई दिल्ली, हैल्पबॉक्स फाउन्डेशन भोपाल और भोपाल बाइसिकल राईडर्स ग्रुप व लक्ष्य वेलफेयर सोसायटी द्वारा संयुक्त रुप से एक साईकिल रैली (साइक्लोथान) का आयोजन शनिवार 20 मई 2023 को सुबह 7.00 बजे किया। इस रैली का उद्देश्य सतत परिवहन, विशेष रुप से पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की आवश्यकता और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाना है।



रैली के आरंभ में भोपाल ट्रैफ़िक पुलिस के ए.सी.पी. सुशील कुमार ने इस साइकिल रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस रैली से नागरिकों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता आयेगी। उन्होने प्रतिभागीयों को सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। सुशील कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रैली अंकुर स्कूल, शिवाजी नगर से आरंभ होकर सरोजिनी नायडू हायर सेकन्ड्री स्कूल तिराहा, सात नम्बर चौराहा, शासकीय सुभाष हायर सेकन्ड्री स्कूल और बिटट्न मार्केट चौराहा होते हुए गिरीश कुंज परिसर, ई-5 अरेरा कालोनी पर समाप्त हुई। रैली में भाग ले रहे सभी प्रतिभागीयों ने अपने साइकिलों के सामने सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों के बारे में संदेश लगाये थे। रैली में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया जिनमे स्कूली बच्चे और समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक शामिल हुए। रैली के समापन के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रतिभागियों ने मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव गृह को संबोधित एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जिसमें निवेदन किया गया है कि प्रदेश में ऐसी सतत परिवहन व्यवस्था विशेष रुप से पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वालों की आवश्यकता और सड़क सुरक्षा कायम करने के विशेष प्रयास किये जायें।

इस अवसर पर एन.सी.एच.एस.ई. के डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रदीप नंदी, रघुराज सिंह, सुनिल शुक्ल, अविनाश श्रीवास्तव, हैल्पबॉक्स से कविता सुनील अवसरकर, भोपाल बायसियकल रायडर्स से अमित दास, सौरभ तिवारी, वालेंटियर तथा 100 से अधिक सायकल रायडर्स उपस्थित थे।

# अस्पताल में फल वितरण, वृद्धाश्रम में कराएंगे भोजन

## पूर्व मंत्री चन्द्रभान के जन्म दिन पर बधाई देने जिले भर से आएंगे हजारों कार्यकर्ता



**छिंदवाड़ा।** पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह के जन्म दिन पर कार्यकर्ता आज सेवा कार्य कर मनाएंगे सुबह 9.30 बजे अनगढ़ हनुमान मंदिर में पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे, गौधूली वृद्धा आश्रम में फल वितरण एवं भोजन कराया जाएगा। इसके अलावा जगह जगह केक काटकर कार्यकर्ता उनका जन्म दिन मनाएंगे। शाम 7 बजे से वृंदावन लॉन में कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं सहभोजन कार्यक्रम रखा गया है जिसमें जिले भर से हजारों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में नहीं गए

**छिंदवाड़ा।** भाजपा की भोपाल में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जिला भाजपा के अध्यक्ष विवेक बंटी साहू नहीं गये जिसको लेकर नगर में चर्चाएं हैं बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य छिंदवाड़ा से भाग लेने गए थे।

### परिवार सहित बाहर हूँ

जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि वे परिवार सहित बाहर हैं उनका कार्यक्रम पहले से तय था इसकी सूचना उन्होने संगठन को दे दी थी।

# वन मंत्री डॉ.शाह का भ्रमण कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के वन मंत्री डॉ.कुंवर विजय शाह 25 मई को प्रात 7 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रात 10.30 बजे सर्किट हाउस छिंदवाड़ा पहुंचेंगे । आप दोपहर 12 से 3 बजे तक कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा में जनजातीय परियोजना सलाहकार मंडल सौंसर और तामिया की संयुक्त बैठक लेने के बाद शाम 5 बजे छिंदवाड़ा से पातालकोट के लिये प्रस्थान करेंगे । आप शाम 6 बजे पातालकोट पहुंच कर बैगा, भारिया व सहरिया जनजातीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करने के बाद पातालकोट में ही रात्रि विश्राम करेंगे । वन मंत्री डॉ.शाह 26 मई को प्रात: 9 बजे पातालकोट से पचमढ़ी के लिये प्रस्थान करेंगे।

# गोधूलि वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**छिंदवाड़ा।** गोधूलि वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्धाश्रम में निवास करने वाले सभी बुजुर्गों का बी पी , शुगर सहित अन्य बीमारियों से संबंधित चेकअप ज़िला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ द्वारा किया गया। ज़िला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्रतिमाह इस तरह का रूटीन चेकअप वृद्धाश्रम के वृद्धजनों का किया जाता है। इसी श्रृंखला में यह चेकअप हुआ था इस दौरान नगर निगम से प्रणय इंगले भी उपस्थित थे।

# युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच के संकल्प अभियान की शुरुआत आज से

## विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों एवं कलाप्रेमियों को एकजुट करना अभियान का उद्देश्य

छिंदवाड़ा। साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित ज़िले की संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच निरंतर कलाकार वर्ग के उत्थान एवं प्रोत्साहन के लिए प्रयासरत रहती है इसी कड़ी में आज से संस्था द्वारा संकल्प अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस सन्दर्भ में अधिक जानकारी देते हुए राकेश राज ने बताया कि वर्तमान में हर वर्ग की एकजुटता सर्वोपरि है जिस माध्यम से ही सभी का कल्याण संभव है। ऐसे में कलाकार वर्ग एवं कलाप्रेमियों का एकत्रित होकर कार्य करना भी बहुत ज़रूरी है इसी एकता की सोच को ध्यान में रखते हुए ज़िले के साथ साथ प्रदेश के अन्य ज़िलों के कलाकारों एवं कलाप्रेमियों को जोड़ने की दृष्टि से संस्था ने संकल्प अभियान की शुरुआत की है जो की आगामी 21 जून विश्व संगीत दिवस तक संस्था के द्वारा ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से संचालित किया जाएगा। समस्त जानकारी के एकत्रीकरण के पश्चात् ज़िले मेंअभियान से जुड़े सभी कलाकारों एवं कलाप्रेमियों का समागम भी संस्था की योजना में सम्मिलित है। संस्था के पदाधिकारियों ने कला वर्ग से जुड़े सभी जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़कर इसे सफ़ल बनाने की अपील की है।

# मकान निर्माण को लेकर भाई भाई का विवाद मारपीट में बदला

## पुलिस ने बनाया काउंटर प्रकरण

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सारस डोल में मकान निर्माण को लेकर भाई भाइयों में जमकर विवाद हो गया जिसमें संजय पिता सोनी प्रसाद डेहरिया उसके भाई रामचरण पिता सोनी प्रसाद डेहरिया चंचलेस एवं सरिता के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तीनों ने मिलकर उसे गाली गुप्तार दी एवं चप्पल से पिटाई की दूसरी तरफ रामचरण ने अपने भाई संजय पिता सोनी डेहरिया के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस द्वारा काउंटर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बकरी चराने गए दो बच्चों की कुएं में डूबने से मौत



**छिंदवाड़ा/मरवाड़ा।** नगर के समीपस्थ ग्राम हिर्री जागीर में दो बच्चों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार दोनों बालक बकरी चराने खेत गए हुए थे। बहुत देर तक घर ना पहुंचने पर परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। जिसके बाद कुएं में डूबने की आशंका पर दोनों ही बालक कुएं के अंदर मृत अवस्था में मिले। आशंका जताई जा रही है कि बकरी चराने खेत गए दोनों ही मृत बालक कुएं में पानी पानी पीने के लिए गए थे। जिसके बाद डूबने से उनकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। दोनों मृत बालक ललित धुर्वे उम्र 17 वर्ष तो दूसरा सौरव यादव उम्र 11 साल बताए जा रहे हैं। पुलिस को सूचना मिलते ही थाना निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले सहित आला दल घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों बालकों के शव को कुएं से निकलवाया और पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अमरवाड़ा के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस बड़ी घटना से गांव में काफी सनसनी फैली हुई है। बरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 15 दिन से लापता युवक का बेरबन के जंगल में मिला संदेहास्पद कंकाल

## साथियों के साथ लकड़ी काटने गया था मृतक,जांच में जुटी पुलिस

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा के समीपस्थ बेरबन के जंगल में एक कंकाल मिलने के बाद क्षेत्र भर में हड़कंप मच गया है। नर कंकाल के आसपास मिले कपड़े और अन्य वस्तुओं के आधार पर व्यक्ति के पहचान अकलमा निवासी मनेष धुर्वे के रूप में हुई है। जो कि लगभग 17 दिनों से घर से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने 12 मई को अमरवाड़ा थाना में कराई भी थी। रिपोर्ट के अनुसार मृतक लगभग 5 मई से लापता था। बताया जा रहा है कि शुरुआती तौर पर मनेष की मौत सागौन के पेड़ में दबने से हुई है। बताया जा रहा है कि पेड़ काटते वक्त सागौन का पेड़ उल्टे मनेष के ऊपर आ गया। जिसके चलते वह पेड़ में दब गया। जबकि पेड़ में दबता देख सभी मनीष के साथ आए साथी भाग गए। नर कंकाल दिखाई देने की सूचना के बाद थाना निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले सहित आला पुलिसकर्मी घटनास्थल पहुंचे और शव को बरामद कर पीएम के लिए सिविल अस्पताल अमरवाड़ा भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मनेष के साथ लकड़ी काटने गए सभी साथियों की तलाश की जा रही है। उनके मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### फॉरेस्ट गार्ड पर भी उठ रहे सवाल

बताया जा रहा है कि जंगल क्षेत्र होने के कारण यहां पर ना तो नाकेदार गस्त पर गए और ना ही चौकीदार। जबकि यदि इन दोनों में से कोई भी जंगल की गस्ति पर जाता तो पहले ही शव को बरामद किया जा सकता था। हालांकि इस घटना के बाद से वन विभाग के ऊपर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन समयावधि में संपन्न कराने नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती शीतला पटले द्वारा कार्य विभाजन आदेश जारी करते हुये जिले के नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-42 और नगरपालिका परिषद डोंगर परासिया के वार्ड क्रमांक-6 में पार्षद पद के उप निर्वाचन 2023 के सफल संचालन और विभिन्न कार्यो को समयावधि में संपन्न कराने के लिये अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुये नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन में उन्हें सौंपे गये कार्यो और दायित्वों को समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें । प्रत्येक समय सीमा की बैठक में नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिये सौंपे गये दायित्वों की समीक्षा की जायेगी । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती पटले ने बताया कि निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन, ई.व्ही.एम.प्रबंधन, मेन पॉवर प्रबंधन, परिवहन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री व मतपेटी प्रबंधन, आचार संहिता प्रबंधन, निर्वाचन व्यय निगरानी, मीडिया और पेड न्यूज प्रबंधन, प्रेक्षक व्यवस्था प्रबंधन, कानून व्यवस्था, मतपत्र कागज/डमी मतपत्र प्रबंधन व मतदान के बाद मतपेटी प्रबंधन, मीडिया प्रबंधन, कम्प्यूटरीकरण और आईटी प्रबंधन, सेंस गतिविधि, शिकायत निवारण, कम्युनिकेशन प्लान और कंट्रोल रूम प्रबंधन, मानेदय वितरण व प्रबंधन, आधारभूत संरचना विकास प्रबंधन, पहचान पत्र प्रबंधन, वीडियोग्राफी प्रबंधन, रूट चार्ट व मानचित्र प्रबंधन, जोनल अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट व्यवस्था प्रबंधन, वल्नरेबलिटी व क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के चिन्हांकन का प्रबंधन, मतगणना कार्य प्रबंधन, मतदान दल कल्याण प्रबंधन, मतदान दलों की भोजन व्यवस्था, अवकाश संबंधी प्रकरणों का निपटारा, मतदान दिवस और मतगणना दिवस पर ऑनलाईन जानकारी संप्रेषण व्यवस्था आदि के लिये नोडल अधिकारियों और सहायक नोडल अधिकारियों के साथ ही अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है ।

# महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शौर्य यात्रा एवं सामाजिक मिलन समारोह आज



**छिन्दवाड़ा।** भारत के महान सपूत हिन्दू हृदय सम्राट राजपूत शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 483 वीं जयंती पर जिला राजपूत क्षत्रिय सभा एवं करणी सेना परिवार द्वारा भव्य शौर्य यात्रा एवं सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये राजपूत क्षत्रिय समाज के सचिव राजेश सिंह बैस ने बताया कि आज दिनांक 22 मई 2023 को भव्य शौर्य यात्रा का शुभारंभ महाराणा प्रताप भवन नरसिंहपुर रोड़ छिन्दवाड़ा से दोपहर 3 बजे होगा। जो भवन से होते हुये श्याम टॉकीज ,चार फाटक ,छोटा तालाब ,अलका के टॉकीज के सामने से होते हुये यातायात थाना से बस स्टैण्ड ,इंदिरा तिराहा से फव्वारा चैक से ई.एल.सी. से शुक्ला ग्राउण्ड से महाराणा प्रताप चैक पर पहुंचकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर मिष्ठान वितरण किया जावेगा। तत्पश्चात् शौर्य यात्रा आम्बेडकर चैक,सर्किट हाउस चैक से खजरी चैक से मानसरोवर से यातायात थाने से भाजपा कार्यालय के सामने से लालबाग ,रामबाग होते हुये नरसिंहपुर नाका एवं महाराणा प्रताप भवन में समापन किया जावेगा। तत्पश्चात् शाम 7 बजे से महाराणा प्रताप भवन में सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया है ,जिसमें मुख्य अतिथि छिन्दवाड़ा के एस.डी.एम. माननीय अतुल सिंह जी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष उज्जवल सिंह चैहान की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा तत्पश्चात् सहभोज आयोजित है। भव्य शौर्य यात्रा एवं सामाजिक मिलन समारोह में जिले भर के सौंसर ,पांढुर्णा ,परासिया ,जामई ,चैरई,अमरवाड़ा ,बिछुआ सभी ब्लॉकों से समाज के स्वजातीय बंधु सम्मिलित होंगे। शौर्य यात्रा दो पहिया वाहन एवं चैपहिया वाहन से निकाली जावेगी। सभी सामाजिक बंधुओं से महाराणा प्रताप जी की शौर्य यात्रा का स्वागत करने की अपील जिला राजपूत क्षत्रिय समाज एवं करणी सेना ने किया हैं।

# कमलनाथ व नकुलनाथ का 25 मई को आयेंगे

## 25 मई से चार दिवसीय प्रवास पर रहेंगे नेताद्वय





**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होगा। नेताद्वय अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित धार्मिक व राजनीतिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे। सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का 25 मई को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। नेताद्वय 28 मई तक छिन्दवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। दिनांक 25 मई को दोपहर 1.30 बजे पूर्व सीएम कमलनाथ का हेलीकॉप्टर द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन में आगमन होगा, दोपहर 2 बजे बड़ी माता मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन करेंगे। तत्पश्चात वे शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। जिले के सांसद श्री नकुलनाथ का अपराहंत 4.45 बजे नागपुर एयरपोर्ट पर आगमन होगा, यहां से हेलीकॉप्टर द्वारा सांय 5.40 बजे उनका शिकारपुर आगमन होगा। सांय 7 बजे कमलनाथ व नकुलनाथ का रायल मोती पैलेस में आगमन होगा। दिनांक 26 मई को पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ हेलीकॉप्टर द्वारा प्रात: 10.45 बजे नवेगांव के लिये प्रस्थान करेंगे, नेताद्वय का प्रात: 11 बजे नवेगांव आगमन होगा। नेताद्वय दोपहर 12.20 बजे दमुआ के घोड़ावाड़ी के लिये प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे ग्राम घोड़ावाड़ी पहुंचेंगे और आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। सांसद नकुलनाथ दोपहर 2.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा हर्रई ब्लॉक के ग्राम कमकासुर के लिये प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे उनका कमकासुर आगमन होगा, यहां आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात नकुलनाथ का दोपहर 3.25 बजे सुरलाखापा आगमन होगा तदोपरांत वे दोपहर 4.15 बजे अमरवाड़ा ब्लॉक के ग्राम सारसडोल के लिये प्रस्थान कर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांय 7 नेताद्वय का रायल मोती पैलेस में आगमन होगा।दिनांक 27 मई को सांसद श्री नकुलनाथ शिकारपुर निज निवास पर प्रात 10 बजे एचसीएल व ईश्या सॉफ्ट के ऑफर लेटर वितरित करेंगे। पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 10.40 बजे सौंसर विधानसभा के ग्राम जाम के लिये प्रस्थान करेंगे, दोपहर 11 बजे नेताद्वय का जाम आगमन होगा, तदोपरांत पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का 12.30 बजे बड़गोनाजोशी स्थित माता निर्मला देवी आश्रम में आगमन होगा। सांसद नकुलनाथ दोपहर 3 बजे चौरई ब्लॉक के ग्राम हिवरखेड़ी के लिये प्रस्थान कर दोपहर 3.15 बजे हिवरखेड़ी पहुंचेंगे, कार्यक्रम पश्चात दोपहर 4.15 बजे चांद ब्लॉक के ग्राम तितरी के लिये प्रस्थान कर वहां आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपराहंत 5.45 बजे उनका शिकारपुर आगमन होगा। दिनांक 28 मई को अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ प्रात: 10.45 बजे उमरेठ ब्लॉक के ग्राम गौमुख के लिये हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे। नेताद्वय का दोपहर 11 बजे ग्राम गौमुख आगमन होगा, यहां आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत दोपहर 12.30 बजे वे ग्राम मोहलीमाता में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे तत्पश्चात वे दोपहर 12.50 बजे भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# किसानों-ग्रामीणों की समस्या से कराया अवगत

## मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष से मिले भाजपा नेता संदीप रघुवंशी



**छिंदवाड़ा।** प्रदेश मुख्यालय में भाजपा कार्यसमिति बैठक मे पधारे मप्र के संगठन प्रभारी भाजपा महासचिव मुरलीधर राव ,मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ,मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान , केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से छिंदवाड़ा जिले की आवश्यक समस्याओ को लेकर प्रतिनिधिमण्डल के साथ सगठनात्मक भेट की चौरई विधानसभा विकास सम्बन्धी चर्चा भी हुई तथा किसानो के लिए खाद बीज-कर्ज के ब्याजमाफी, माचागोरा डेम की नहर, सडक, स्वास्थ्य सेवाए,सोयाबीन प्लांट को मक्का प्लांट बनाने, शुगर फैक्ट्री रोजगार हेतु स्थापित करने, बिछुआ मे सिंचाई के पानी की आवश्यकता व अन्य आवश्यक विषय व मामलो पर भाजपा नेता व जनाधिकार सेवा समिति अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने वरिष्ठ नेताओं व जनप्रतिनिधिओ को पत्र सौपा तथा विधानसभा चुनाव सम्बन्धी चाँद, बिछुआ, खमारपानी, पांजरा, चौरई, लोनिकाला, बिझावाडा, कपूरदा, ग्राम से प्राप्त समस्याओ व जनता की मांगो के साथ सुझाव भी संगठन को सौपा तथा चौरई आने का निमंत्रण भी दिया इस अवसर पर संदीप रघुवंशी ने बताया कि पिछले 10 वर्षो से चौरई के प्रत्येक ग्रामो का दौरा प्रवास रात्रि विश्राम के साथ कर चुके हैँ तथा सभी वर्गों की सेवा कैंप शिविर लगाकर जनता कि समस्यायों को समाधान करने व जरुरतमंदो के आवश्यक रुके कार्यों को छिंदवाड़ा से लेकर भोपाल दिल्ली तक जाकर भाजपा सरकार से करवाने का अथक प्रयास कर रहे हैँ ताकि जनता लाभनवित हो सके ओर आने वाले विधानसभा चुनाव मे चौरई विधानसभा मे भाजपा विजयी हो सके ।

# ग्रामीण श्रमिकों को बताये नशा के दुष्प्रभाव

## नशे से दूर रहने दिलाई श्रमिकों को शपथ



**छिंदवाड़ा।** समाज मे नशा की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये मध्यप्रदेश जन अभियान की नवांकुर संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा जिला समन्वयक पवन सहगल के निर्देशन व विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्ग दर्शन मे बिछुआ मे जन जागरूकता कार्यक्रम मेंटर श्यामल राव .जमुना चौरिया की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर श्यामल राव ने उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा की युवा जन नशा से बचे ओर दूसरो को भी नशा से दूर रखे। नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक रूप से एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। यदि किसी बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधि या मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय- विक्रय ,उसे साथ रखने , उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति करने पर 7 साल की सज़ा या एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है। वही व्यसन के प्रकारों में धूम्रपान, मादक द्रव्य एवं ड्रग्स इन तीन प्रकारों से अवगत करते हुए बताया कि खास कर तम्बाकु के साथ बोनफिक्स. सिगार. कोरेक्स,फेलेडिल , पंचर के सिलोसन, आयोडेक्स जैसे नशे की प्रवृति भी देखी जा रही है। नशे की लत से दूर रखने के लिए। उपस्थित युवा श्रमिकों से कहा की वे अपने अपने साथियों को नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दी क्योंकि ग्रामीण.युवाओं ओर पढ़ाई करने वाले युवाओं में नशे की आदतें दिनों दिन बढ़ रही है। वही उपस्थित ग्रामीण श्रमिकों को नशा मुक्त पर आधारित पाम्पलेट का वितरण कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई ।

### पकड़ाई कच्ची शराब

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोड़ी चौकी के ग्राम कतिया ढाना राजोला निवासी श्याम ठाकरे के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ की देसी शराब पुलिस द्वारा जप्त कर आबकारी अधिनियम 34 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## महाराणा प्रताप की जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य शिविर



**छिंदवाड़ा।** करणी सेना एवम जन सेवा हिताय की अध्यक्ष हर्षा बनोदे तोमर ने बताया की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्म उत्सव उपलक्ष पर आज वृद्धाश्रम स्वास्थ शिविर लगा कर मनाया गया जिसमें जनसेवा हिताय अध्यक्ष समाज सेवी हर्षा बनोदे तोमर ने बताया कि 80 बुजुर्गों ने लिया स्वास्थ शिविर का सेवा ली अध्यक्ष- हर्षा बनोदे, काजल चौहान, करणी सेना नगर अध्यक्ष रविराज प्रताप भारद्वाज नगर उपाध्यक्ष अंकित चौहान, पुर्णिमा परिहार, वेजंती राजपुत, मोहन सिंह राजपुत, डॉ. मीरा पराड़कर, डॉ. शबाना यासमीन, डॉ.पवन नेमा डॉ. राम अमगोरियां, डॉ. चंद्र किशोर धुर्वे, गुरुशरण कौर, अलका शुक्ला अरुणा पवार, निर्मला पहाड़े, , सिंगर बादल भारद्वाज, समाज सेवी अखिल सूर्यवंशी,आदि उपस्थित थे।

# सर्वोदय अहिंसा ने पक्षियों के लिए बांटे जलपात्र



**छिन्दवाड़ा ।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छिन्दवाड़ा सहित पूरे देश मे कार्य करने वाली सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जलपात्रों का वितरण किया जा रहा है।सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक दीपकराज जैन बताया कि हमारे द्वारा विगत 30 वर्षों से अनवरत रूप से सर्वोदय अहिंसा का यह सफल अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे विविध सामाजिक आयोजनों के दौरान जनमानस को जलपात्रों का वितरण कर पक्षियों के लिए जल रखने की अपील की जा रही है।गत दिवस जिला जेल में कैदियों के ह्रदय परिवर्तन के लिए किया गया सफल आयोजन के दौरान जेल प्रबंधन को बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी जैन सहित जिनेन्द्र जैन, संजीव सिंघई, दीपकराज जैन, यशराज जैन द्वारा जलपात्रों का वितरण कर उनका अभिनन्दन किया गया।इस अवसर पर जेल अधीक्षक यजुर्वेद वाघमारे, उप जेल अधीक्षक ज्ञानांशु भारतीय, सहायक जेल अधीक्षक आशीष मंजना सहित जेल प्रबंधन ने सर्वोदय अहिंसा के इस सफल अभियान की सराहना करते हुए उन्हें साधूवाद दिया। श्री वाघमारे ने बताया कि जेल परिसर में हजारों की संख्या में कबूतर निवास करते हैं जो प्रात:काल चारों दिशाओं में उड़ जातें है और संध्या के समय पुन: जेल परिसर में वापस आ जाते हैं जिनके भोजन पानी की व्यवस्था जेल प्रबंधन द्वारा की जाती है।

# आज राजीव भवन में लगेगा कॅरियर काउंसलिंग सत्र

## साक्षात्कार भी लिये जावेंगे

**छिन्दवाड़ा।** कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिये राजीव भवन में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया किया जावेगा। पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की पहल पर आयोजित सत्र के दौरान एकाउंटिंग, साइंस, मैथमेटिक्स, आर्ट्स, एग्रीकल्चर व संगीत के साथ ही तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर आदि की जानकारी, कितने प्रकार के एंट्रेंस टेस्ट एवं योग्यताएं, सरकारी नौकरी के लिये अवसर एवं योग्यताएं, निजी क्षेत्र में नौकरी एवं अवसर, व्यवसाय आदि की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जावेगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, बड़े शहरों के नामी कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रियाएं, जेईई, नीट क्लैट, जीमेट, सीयूटी आदि प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी दी जावेगी। कार्यक्रम संयोजक कीर्ति सोनी ने विद्यार्थियों के साथ यदि उनके माता-पिता से भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। वाइड विस्टा कंपनी इंदौर एवं ग्लोबल आर्क दुबई में नौकरी के लिये दोपहर 2 से 3 बजे के बीच इंटरव्यू भी आयोजित किये गये हैं।

### शेख आशिफ बने सेवादल अध्यक्ष

**परासिया।** ब्लॉक के ग्राम भाजी पानी में कांग्रेस सेवा दल का गठन किया गया परासिया विधानसभा के सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष श्री अंसार सिद्धकी जीने यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आनंद सूर्यवंशी और नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पृथ्वीराज कहार नेतृत्व ग्राम भाजी पानी के शेख आसिफ को नगर सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किया गया कार्यकारी अध्यक्ष अमान खान निखिल कहार समन्वयक सचिन मारवाड़ी उपाध्यक्ष शहजाद खान सचिव सियाराम कहार सह सचिव फिरोज खान संगठन मंत्री हसनैन प्रचार प्रसार मंत्री बृजेश भट्ट कोषाध्यक्ष सचिन मालवीय को नियुक्त किया गया नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अंसार सिद्दीकी ने नवनियुक्त सभी सेवादल कार्यकर्ताओं को बधाई दी साथी युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आनंद सूर्यवंशी जी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीति नीति से अवगत कराया और सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया साथ ही कांग्रेस नगर अध्यक्ष पृथ्वीराज कहार ने कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं देते हुए नारी सम्मान योजना के विषय में चर्चा की और माननीय कमलनाथ जी को आगामी समय में मुख्यमंत्री बनाने को लेकर जोर दिया इस संबंध में नवनियुक्त सेवादल अध्यक्ष शेख आशिफ ने वचन दिया कि मै अपने दायित्व को अच्छे से संभालूंगा और ग्राम भाजीपानी से लम्बे समय से चली आ रही भाजपा सरकार को हराने को कहा और कांग्रेस के हाथों को मजबूत करूंगा और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी बस अभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया साथ हीं कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया ।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, नीम और करंज के पौधे रोपे।



**अभिनंदन ग्रंथ का विमोचन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नरेंद्र भानु खंडेलवाल के 75 वे जन्मदिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाशित अभिनंदन ग्रंथ का निवास कार्यालय में विमोचन किया।

# भोपाल: रातभर खटिया पर सोए विधायक

## पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी धरने में शामिल हुए



**भोपाल।** भोपाल के कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट में रेस्ट हाउस के पास रहने वाले लोगों की शिफ्टिंग न किए जाने से नाराज कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा रातभर खटिया पर सोए। सोमवार सुबह वे चाय-बिस्कुट खाकर धरने से उठे। उन्होंने कहा कि 50 साल से गरीबों के पास पट्?टे थे, लेकिन उनकी झुग्गियां तोड़ दी गई। बावजूद उन्हें सही ढंग से शिफ्ट नहीं किया गया। धरने में रात में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी शामिल हुए थे।

पूर्व मंत्री शर्मा के साथ पार्षद प्रवीण सक्सेना, योगेंद्र सिंह गुड्?डू चौहान, हिमांशु कंसाना समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे। पूर्व मंत्री शर्मा ने बताया कि कोलार सिक्सलेन के चलते तीन-चार महीने से तांडव चल रहा है। 70-80 झुग्गियां तोड़ दी गई। उनके पास 50 साल से पट्?टे थे। सिक्सलेन को लेकर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन विधिवत रूप से गरीबों का विस्थापन किया जाना चाहिए था। मकान-दुकान सभी तोड़ दिए गए। जिनकी पक्के मकान की रजिस्ट्री थी, उनकी बाउंड्रीवॉल तोड़ दी गई। लोगों को नोटिस और उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए था। इस मामले में अफसरों को भी चेताया। बावजूद विस्थापन नहीं किया गया। इसलिए रात में ध्यानाकर्षण धरना दिया गया। मांग है कि तुरंत शिफ्टिंग हो और उचित मुआवजा दिया जाए।

विधायक और कांग्रेसियों के साथ प्रभावित झुग्गी में रहने वाले लोग भी सोए। कोलार रेस्ट हाउस के पास ही यह धरना दिया गया। रात में पूर्व मुख्यमंत्री सिंह भी धरने पर पहुंचे और काफी देर तक बैठे रहै।

# रंजिशन लाठी, फरसे के हमले में घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत, परिजनों ने लगाया जाम



**मुरैना।** पोरसा थाना क्षेत्र के पचौरी पुरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते गत 17 मई को पांच आरोपितों ने लाठी, फरसों से लैस होकर एक परिवार पर हमला कर दिया था। जिसमें चार लोगों को गंभीर चोट आई थी। जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया। जहां से उसे आगरा ले जाया गया। आगरा अस्पताल में रविवार की रात इलाज के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। सोमवार की सुबह आक्रोशित स्वज ने पचौरी पुरा भिंड रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां मृतक के स्वजनों को समझाईश दे रही थी।

जानकारी के मुताबिक पचौरी पूरा इलाका निवासी ओमप्रकाश खटीक मोहल्ले के ही सत्यराम खटीक के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते 17 मई की रात साढ़े 9 बजे के करीब सत्य राम खटीक और उसके स्वजन ने एकराय होकर लाठी, फरसे, सरियों से ओमप्रकाश सहित उसके स्वजन पर हमला कर दिया। इस हमले में ओमप्रकाश सहित राजू खटीक, रवि खटीक, सत्येंद्र खटीक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर उन्हें इलाज के लिए पोरसा अस्पताल ले जाया गया। जहां राजू खटीक की हालत गंभीर होने पर उसे पहले जिला अस्पताल फिर ग्वालियर और इसके बाद आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजू खटीक के सिर में सरिया और कुल्हाड़ी लगने से वह बेहद नाजुक हालत में पहुंच गया था। जहां रविवार की रात इलाज के दौरान राजू खटीक ने दम तोड़ दिया। इस हमले के बाद सत्यराम और उसका परिवार फरार हो गया। वहीं राजू खटीक की मौत होने पर सोमवार की सुबह स्वजन व रिश्तेदारों ने पचौरी पुरा भिंड रोड पर जाम लगा दिया। यहां लगभग 2 घंटे तक जाम लगा रहा। इस बीच मौके पर पुलिस पहुंची जो स्वजन को समझाईश दे रही थी।

# लू से बचने केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी रखते हैं जेब में प्याज, कलेक्टर को दिखाकर जताई लू पर चिंता



**ग्वालियर।** प्याज को गर्मी से बचने के लिए रामबाण उपाय माना जाता है। इसका उपयोग घरेलू नुख्सों में किया जाता है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी इन घरेलू नुख्सों को अपनाते हैं। वे भी लू से बचने के लिए अपनी जेब में प्याज लेकर चलते हैं। इस बात का पता रविवार को उस समय चला जब वे तीन दिन के दौरे पर ग्वालियर आए। उन्होंने एयरपोर्ट पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह को जेब से प्याज निकालकर दिखाई और लू पर चिंता भी की। उन्होंनें कलेक्टर से कहा कि लू को लेकर ध्यान रखें और शहरवासियों के लिए भी चिंता जाहिर की। इसके अलावा सिंधिया ने शहर के ट्रैफिक को लेकर भी कुछ बिंदुओं पर चर्चा कर कहा कि ट्रैफिक को लेकर लगातार ध्यान रखा जाए।

दिन में तेज धूप में घर से बाहर निकलने पर आप बीमार हो सकते हैं इसलिए शरीर में पानी की कमी न आने दें, क्योंकि दिन में तेज धूप व गर्मी से शरीर पसीना-पसीना हो रहा है। पसीने के साथ में शरीर से सोडियम-पोटेशियम भी बाहर निकलता है, जिसकी कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से लोग हीट स्ट्रोक के शिकार बन रहे हैं। पिछले तीन दिन में करीब 20 से 25 मरीज जेएएच की ओपीडी में पहुंचे हैं। मेडिसिन के डा़ अजय पाल का कहना है कि हर दिन तीन से चार मरीज अर्ध बेहोशी की हालत में आए हैं, जिन्हें भर्ती कर उपचार देना पड़ा है।

# महापौर और पूर्व महापौर ने किया मंदिर जीर्णोद्धार भूमिपूजन



**भोपाल ।** आज राजधानी में महापौर और पूर्व महापौर एक साथ नजर आए और दोनो साथ में ही शहर में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल हुए जिसमें उनके द्वारा सड़क निर्माण और मंदिर जीर्णोद्धार का भूमि पूजन किया गया। आस सबसे पहले महापौर मालती राय शहर में आय्योजित कार्यक्रमों के लिए निकली उनके साथ पूर्व महापौर और बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने सर्व प्रथम वार्ड 12 नारियल खेड़ा चौराहे पर लगभग 30 लाख की लागत से सी सी रोड का भूमिपूजन किया इस दौरान क्षेत्र के पार्षद देवेंद्र भार्गव मौजूद रहे । उसके बाद वार्ड 13 पर लगभग 15 लाख की लागत से मन्दिरों के जीर्णोधार का भूमिपूजन किया इस अवसर पर भाजपा पार्षद मनोज राठोर उपस्थित रहे। महापौर लगातार शहर में विकास कार्यों को गति देते हुए सरकार की मंशानुसार आगे बड़ रहीं हैं।

# 10 सेकेंड से ज्यादा लगे वेटिंग टाइम तो नहीं लगेगा टोल-टैक्स

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर एक सूचना जमकर वायरल हो रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि अगर आप टोल प्लाजा पर 10 सेकेंड से अधिक लेट होते हैं तो आप बगैर टोल टैक्स चुकाए आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन यह सच नहीं है, जब इस बारे में पता किया गया तो सच्चाई सामने आई कि आपको टोल प्लाजा से टोल टैक्स चुकान के बाद ही आगे बढना पड़ेगा।




दरअसल गाड़ी मालिक के सामने पेट्रोल के खर्च के बाद टोल टैक्स के चुकाना एक बड़ी समस्या होती है, कई बार व्यक्ति को लंबी दूरी तय करने पर हजारों रुपए तो टोल टैक्स के रूप में ही देने पड़ते हैं, इसलिए हर कोई टोल टैक्स से बचना चाहता है, लेकिन सडक़ों के विकास के लिए टोल टैक्स भी लेना जरूरी होता है, तभी तो बेहतर सडक़ों की सुविधा आपको मिल पाती है।

जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर आजकल केश के साथ ही फासटैग से भी टैक्स वसूला जाता है, ऐसे में टोल प्लाजा के अंदर प्रवेश करने के बाद चंद सेकेंड में ही टोल टैक्स वसूल लिया जाता है, चूंकि आजकल हर गाड़ी मालिक फासटैग उपयोग करता है, ऐसे में एक सेकेंड में ही फासटैग से पैस कट जाता है और आपके मोबाइल पर भी मैसेज आ जाता है, इस कारण आपको टोल टैक्स चुकान में अधिक समय नहीं लगता है।

**पहले लगती थी लाइन, अब चंद सेकेंड में कट जाता है टैक्स-** एक समय था जब टोल प्लाजा पर केश देने पर ही टोल टैक्स कटता था, उस समय गाडिय़ों की लाइन लग जाया करती थी, क्योंकि प्रत्येग गाड़ी वाले से टोल टैक्स लेने में 1 से 2 मिनट तो लग ही जाया करते थे, इस कारण कई टोल टैक्स पर लाइन भी लग जाती थी, लेकिन जब से फासटैग की सुविधा शुरू हुई है, तब से टोल प्लाजा पर अधिक समय नहीं लगता है।

# मई में गर्मी से थोड़ी राहत, सीहोर में गिरे ओले, इंदौर-रायसेन में तेज बारिश, 2 सिस्टम एक्टिव होंगे

**भोपाल।** आमतौर पर मई के आखिरी में मध्यप्रदेश में तेज गर्मी पड़ने का ट्रेंड है। ग्वालियर में 47 डिग्री तो भोपाल में पारा 46 डिग्री तक पहुंच जाता है। इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत बाकी जिले भी गर्म रहते हैं, लेकिन इस बार मौसम बदला हुआ है। प्रदेश में 2 सिस्टम एक्टिव हैं। इसके चलते मई में गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही है। सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद मौसम अचानक करवट बदलेगा। तेज हवा और गरज-चमक के साथ बादल बरस सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मई के आखिर में ऐसा ही मौसम रहेगा। इस कारण टेम्प्रेचर भी लुढ़क जाएगा।



रविवार को सीहोर जिले में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। यहां हिंगोनी समेत कई गांवों में ओले गिरे। तेज आंधी भी चली। इससे कई जगह पेड़ गिर गए। भोपाल और इंदौर में भी तेज आंधी चली। पिछले 24 घंटे में रायसेन में 0.44 इंच, इंदौर में 0.27 इंच बारिश हुई। भोपाल, ग्वालियर, नौगांव, नर्मदापुरम और सागर में भी पानी गिरा। जबलपुर, सागर और खंडवा में तेज धूप के साथ गर्मी रही। यहां तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। उज्जैन के फ्रीगंज में तेज आंधी के चलते पुराना पेड़ गिर गया। चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। दो कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अरब सागर में बने चक्रवात से प्रदेश में नमी आ रही है। इस कारण बारिश हो रही है।



महाराणा प्रताप जयंती पर आज ज्योति टाकीज के समक्ष स्थित उनकी प्रतिमा पर क्षत्रिय राजपूत समाज ने माल्यार्पण किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की बेकरी, कैफे-रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई

**भोपाल।** शहर में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और बेकरी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत खाद्य अमले ने रविवार को ऐशबाग क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए टोस्ट, मैदा, सिवइयां के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन और थाना ऐशबाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए मुस्कान बेकरी से टोस्ट और मैदा, नूर बेकरी से टोस्ट और खारी, मिनाल रेसीडेंसी में स्थित वाइकिंग कैफे और रेस्टोरेंट से मैदा, विनेगर और सिवइया के नमूने लिए गए है। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जिनकी रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उल्?लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन पिछले कुछ दिनों से लगातार इस तरह की कारवाई पूरे शहर में कर रहा है।

# कैलाश विजयवर्गीय बोले- इंदौर की छवि गुंडागर्दी और ड्रग्स वाली नहीं बनने दूंगा

**इंदौर।** चुनावी साल में भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की इंदौर में सक्रियता चौंका रही है। खासकर उनके केंद्र में नए युवा हैं। पितृपर्वत पर 51 हजार हनुमान चालीसा पाठ हो या गंदे कपड़े पहनने पर लड़कियों को शूर्पणखा कहने वाली बात, यही नहीं नाइट कल्चर के साथ नशाखोरी, ड्रग्स पर कई बयान लगातार दिए हैं। अब उन्होंने इसी कड़ी में 10 दिन का कैम्पेन चलाने का ऐलान कर दिया है।

उन्होंने 20 मई को कहा कि इंदौर की इमेज, जो गुंडागर्दी, ड्रग्स, नशा प्रवृत्ति जैसे असामाजिक तत्वों की वजह से बदल रही है, यह सही नहीं है। सही दिशा देने के लिए आप सभी भागीदारी बनिए। इसके हम अपना इंदौर अभियान चलाएंगे। विजयवर्गीय ने दोपहर में अपने ट्वीटर हैंडल पर इसे लेकर एक पोस्ट की है। साथ ही एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंदौर की जनता से अपील की है



कि वे सअपना इंदौर कैंपेन में अपने अनुभव और इतिहास को साझा करें।

कैलाश विजयवर्गीय ने अपने ट्वीट में लिखा है कि इंदौर एक शहर नहीं, इंदौर एक दौर है। जो समय से आगे चलता है, फिर भी विरासत को समेटे रहता है। पीएम नरेंद्र मोदी जी के कहे इन शब्दों में बसा है अपने इंदौर का तात्पर्य और इसलिए हमने अपना इंदौर मुहिम चलाई है - शहर की संस्कृति, आस्था और खूबसूरती से न सिर्फ शहर वासियों को, पर संपूर्ण भारत वर्ष को अवगत कराने के लिए।

### वीडियो में कहीं ये बात

कैलाश विजयवर्गीय ने ट्वीट में एक वीडियो भी शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि - इंदौर शहर की संस्कृति, संस्कार, सभ्यताज्हम सब गौरवान्वित है उसको लेकर। इंदौर की विरासत छुपी हुई है। आप सब इंदौर के लोगों से निवेदन करना चाहता हूं कि सअपना इंदौर हम 20 मई से 31 मई तक अपना इंदौर हैशटैग चलाना चाहते है। उसमें अपने अनुभव, इंदौर की विशेषता, इंदौर का इतिहास जो आपके पास उपलब्ध हो आप डाले हम संगृहीत करेंगे और इंदौर को एक बार फिर से दुनिया के सामने बताएंगे कि ये सर्वश्रेष्ठ शहर है। हम सब मिलकर इसका प्रयास करेंगे।

# चीतों को मुकंदरा भेजने की वकालत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- शिफ्ट क्यों नहीं कर रहे, विशेषज्ञ बोले- कूनो अन्य विकल्पों से ज्यादा सुरक्षित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान के जिस मुकंदरा नेशनल पार्क में चीतों को शिफ्ट करने की सबसे अधिक वकालत की जा रही है, वह उनके लिए और भी असुरक्षित है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यहां अच्छे प्रे-बेस (भोजन के लिए शाकाहारी जानवर) की भारी कमी चीतों के लिए संकट बन सकती है।

5 मई को यहां एकमात्र मादा टाइगर एमटी-4 की पेट में इंफेक्शन के कारण मौत हो गई थी। एमटी-4 गर्भवती थी, जिसे 2019 में रणथंबौर से लाकर मुकंदरा में बसाया गया था। शिकार के अभाव में उसने कुछ गलत खा लिया था। 2020 में भी पेट में इंफेक्शन से नर टाइगर एमटी-3 की मौत हुई थी।

**केवल एक टाइगर बच पाया-** 2013 में टाइगर रिजर्व बनाए गए मुकंदरा में अभी तक 7 टाइगर बाहर से लाकर बसाए गए हैं। इनमें से 6 की मौत किसी न किसी बीमारी के कारण हो चुकी है। सिर्फ एक नर टाइगर एमटी-5 यहां अकेला खुले जंगल में



भटक रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पूछा था कि कूनो में ज्यादा चीते होने पर राजस्थान में शिफ्ट करने पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है।

**सुरक्षित विकल्प तैयार नहीं-** चीता अभी मध्यप्रदेश की पहचान बन गया है। राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को लगता है कि चीते राजस्थान नहीं गए, तो पर्यटक भविष्य में मध्यप्रदेश का ही रुख करेंगे। चीता टास्क फोर्स के एक सदस्य ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर बताया कि 2023 के अंत या विधानसभा चुनावों तक सभी चीतों को कूनो में ही रखना होगा। इसके अलावा सुरक्षित विकल्प तैयार नहीं है। चीता एक्शन प्लान में कूनो के अलावा 4 लैंडस्केप मुकुंदरा, गांधीसागर, नौरादेही और शाहगढ़ को प्राथमिकता में रखा गया था। मुकंदरा की कूनो से नजदीकी और 82 किमी लंबा चेन लिंक फेंसिंग बाड़ा इसे दूसरे विकल्पों से बेहतर बनाता है।

**गांधीसागर में आबादी से टकराव का खतरा-** टाइगर एक्शन प्लान में मुकंदरा में प्रे-बेस की कमी दूर करने की शर्त थी। मंदसौर की गांधीसागर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी मुकंदरा के पास है। यहां प्रे-बेस बढ़ाने का काम हो गया है, लेकिन फेंसिंग नहीं होने से चीतों का आबादी से टकराव का खतरा है।